वर्ष- 21 अंक - 275 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 22 मार्च 2026

## डांसर मोनिका चौधरी ने दी मुस्लिम धर्म अपनाने की धमकी

**रविवार.एजेंसी।** हरियाणवी डांसर मोनिका चौधरी ने लोनी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। डांसर ने कहा कि लोनी पुलिस ने उनके भाई को जबरन हिरासत में रखा। डांसर ने मुस्लिम धर्म अपनाने की भी धमकी दी।

## महाजंग के बीच दमदार कूटनीति, बड़ी राहत

# हजारों टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा जहाज

### दूर होगी गैस की दिक्कत

मंगलुरु ● एजेंसी

मिडिल ईस्ट में जारी जंग के कारण होर्मुज की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही पर असर पड़ा है। भारत ने होर्मुज की खाड़ी पर निर्भरता कम करने के लिए अमेरिका से एलपीजी की आपूर्ति को बढ़ावा दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि अमेरिका के टेक्सास से निकला जहाज पिक्सिस पायनियर मंगलुरु बंदरगाह पर रविवार सुबह पहुंच गया। 25 मार्च को अपोलो ओसियन 26,687 टन गैस लेकर आएगा। इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम के लिए 29 मार्च को अमेरिका से एक और जहाज 30,000 टन गैस लेकर आएगा - यह एचपीसीएल के लिए है। यानी इस हफ्ते अकेले मंगलुरु में 72,700 टन से ज्यादा रसोई गैस पहुंचेगी।



### 25 हजार उड़ानें रद्द

ईरान में जारी युद्ध के कारण भारत की एयर इंडिया फ्लाइट ने 3 हफ्तों में 2,500 उड़ानें रद्द कर दी है। इस दौरान केवल 30 फीसदी फ्लाइट्स ही चल रही हैं।

### जंग में ब्रिटेन की भी एंट्री?

ब्रिटेन ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अरब सागर में एक परमाणु संचालित पनडुब्बी तैनात की है। ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरान के खिलाफ अपने सैन्य बेस इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों को निशाना बना रहे ईरानी ठिकानों को तबाह करने के लिए अमेरिकी ब्रिटिश ठिकानों का उपयोग कर सकता है।

### सैकड़ों की मौत

इजरायल के परमाणु प्लांट वाले डिमोना पर हमले के बाद ईरान ने दावा किया कि ईरान के हमले में 200 से ज्यादा लोग मारे गए या घायल हुए हैं। इस बीच रियाद पर 3 मिसाइल दागी गई।



## नमाज के बाद अमेरिका-इजरायल के झंडों को पैरों से कुचला

**बेंगलुरू.एजेंसी।** कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले के गौरिबिदनूर तालुका के अलीपुर गांव में ईद की नमाज के बाद शिया समुदाय के कुछ लोगों ने हालिया ईरान से जुड़े घटनाक्रम के विरोध में अमेरिका और इजरायल के झंडों के खिलाफ प्रदर्शन किया। झंडे पर चप्पल और जूते मारकर विरोध जताया। झंडों को पैरों से कुचला। इसी तरह भोपाल, प्रयागराज और दिल्ली में भी कुछ जगहों पर लोगों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। इसके अलावा देश के कुछ अन्य हिस्सों में अमेरिका इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ।

## एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट, पथराव




संभल.एजेंसी। उत्तरप्रदेश के संभल में ईद के बाद मामूली विवाद हिंसा में बदल गया। असमोली क्षेत्र के ओबरी गांव में स्कॉर्पियो से उछले कीचड़ को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ, जो पथराव और मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात काबू किए। फिदा हुसैन की शिकायत पर नाजिर समेत पांच आरोपियों पर केस दर्ज हुआ।

## दो गुटों के बीच झड़प पथराव, कई घायल




**धाराशिव.एजेंसी।** महाराष्ट्र में धाराशिव जिले के कळंब शहर में रमाई चौक इलाके में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस झड़प के दौरान जमकर पथराव हुआ, जिसमें दोनों पक्षों के करीब 5 से 6 लोग घायल हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और तनाव का माहौल बन गया।

## रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग मामले में एक और गिरफ्तार

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई में फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के घर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रदीप शर्मा को आगरा से गिरफ्तार किया। वह शुभम लोणकर गैंग से जुड़ा था और सोशल मीडिया से प्रभावित होकर अपराध में शामिल हुआ। पुलिस पहले ही कई आरोपियों को पकड़ चुकी है और पूरे गैंग नेटवर्क की जांच जारी है।

## टक्कर में तीन दोस्तों की मौत, ट्रैवलर में लगी आग

**रविवार.एजेंसी।** जयपुर-दिल्ली हाईवे पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार 4 दोस्तों को टक्कर मार दी जिससे तीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक दोस्त घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद शव बीच सड़क पर बिखर गए। उधर महाराष्ट्र के यवतमाल में वर्धा से नांदेड़ जाते समय एक यात्री ट्रैवलर में आग लग गई। हालांकि इसमें सवार सभी 17 यात्री सुरक्षित हैं। इन्हें समय रहते ट्रैवलर से बाहर निकाल लिया गया था।

## फरसा वाले बाबा के बाद ड्राइवर की भी मौत

**मथुरा.एजेंसी।** मथुरा के कोसी कला इलाके में 2 ट्रकों की टक्कर में गौरक्षक चंद्रशेखर उर्फ फरसे वाले बाबा की मौत हो गई थी। इस घटना में घायल ट्रक चालक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## 1 हजार नुकीली कीलों पर खाटूश्याम तक दंडवत यात्रा



**अलवर.एजेंसी।** राजस्थान के अलवर निवासी नितेश इन दिनों अपनी अनोखी भक्ति के कारण चर्चा में हैं। वह 1000 नुकीली कीलों वाले लकड़ी के फट्टे पर लेटकर 160 किलोमीटर की दंडवत यात्रा कर खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए निकले हैं। यह उनकी दूसरी ऐसी यात्रा है, जिसे वह करीब डेढ़ महीने में पूरा करेंगे। उनके साथ परिवार और दोस्त भी पैदल चल रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में छूटा भारतीय महिला का पर्स वहीं मिला

**मेलबर्न.एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय महिला का अनुभव सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें स्टेशन पर छूटा पर्स बिना किसी छेड़छाड़ के सुरक्षित मिल गया। महिला ने बताया कि वह अपनी दोस्त के साथ ट्रेन में सफर कर रही थीं। सफर के दौरान अचानक उन्हें एहसास हुआ कि उनकी दोस्त अपना पर्स स्टेशन पर ही भूल गई है। जब वे स्टेशन पहुंचीं, तो जो उन्होंने देखा वह उनके लिए किसी हैरानी से कम नहीं था। पर्स बिल्कुल उसी जगह रखा था, जहां वह छूट गया था।




## एक ने पति को, दूसरी ने सास को मरवा दिया

**रविवार.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के उन्नाव में पारिवारिक कलह और अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने अपने पति की हत्या की साजिश रच दी। उसने अपने प्रेमी को 40 हजार रुपए की सुपारी दी और पति को मौत के घाट उतरवा दिया।

उधर लखनऊ में अवैध संबंधों में बाधा बन रही सास की बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या कर दी। पुलिस ने बहू और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

# कांग्रेस नेता ने दिया प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को चैलेंज

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के घरेलू क्षेत्र में उन्हें ही नहीं मालूम की कौन कांग्रेस सक्रिय है और कौन निष्क्रिय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता हिमांशु यादव ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का गृह क्षेत्र इंदौर है और उनको इंदौर के बारे में या तो पूरी जानकारी नहीं है या जानकारी होने के बाद भी अंजान बन गए। शहर कांग्रेस की जो नई पदाधिकारियों की इकाई बनी है उसे लेकर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं में जमकर आक्रोश है। सालोंसाल से कांग्रेस के लिए संघर्ष कर रहे कार्यकर्ताओं को मौका मिलने के बजाए अभी भी कांग्रेस में पट्ठावाद दिखाई दिया, जो लोग आए दिन कांग्रेस पार्टी के लिए संघर्ष कर रहे हैं उन्हें पदाधिकारी बनाने के बजाए घर बैठा दिया गया और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को इंदौर के होने के बावजूद यह नहीं पता पड़ा कि कौन नेता-कार्यकर्ता सक्रिय है और कौन निष्क्रिय, कौन धरना-प्रदर्शन में आता है, कौन जयंती-पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करने पहुंचता है, कौन गांधी भवन की सीढ़ी चढ़ा या नहीं चढ़ा, कौन भाजपाइयों के करीब रहता है, फिर भी निष्क्रिय लोगों को पदाधिकारी बना दिया गया और जल्दबाजी में भोपाल से कांग्रेस की इंदौर पदाधिकारियों की सूची भी पास कर दी गई। किसी भी महिला को कार्यकारिणी में नहीं लिया गया। हिमांशु यादव ने कहा कि वे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी को चैलेंज करते है कि जिन्हें पदाधिकारी बनाया, उनके तीन साल के रिकार्ड मंगाए जाए और यह रिकार्ड जिन नेताओं ने नाम दिए उनसे ही मंगवाए जाए और यह भी जाना जाए कि पदाधिकारियों ने कांग्रेस के लिए क्या किया, जो लोग पदाधिकारी बने उन्हें पहले बूथ, मंडलम पदाधिकारी बनाकर शुरूआत की जाना चाहिए थी उन्हें सीधे महामंत्री और उपाध्यक्ष बना दिया गया और शहर इकाई की गरिमा को समाप्त किया गया। बड़े नेताओं ने जो नाम दिए उनसे साफतौर से पट्ठावाद दिखाई दे रहा है। कई तो ऐसे नाम है, जिन्हें युवक कांग्रेस या भाराछासं में होना था उन्हें शहर कांग्रेस में पद दिलवा दिए। अब कांग्रेस में भी कार्यकर्ताओं की शोषण करने वाली विचारधाराओं का और पट्ठावाद चलाने वाले नेताओं का बोलाबाला हो चला है जिसका हम विरोध करते हैं। हिमांशु यादव ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को चेतावनी दी कि जिन कांग्रेस नेताओं और जमीनी कांग्रेस नेताओं को पदाधिकारी ना बनाकर घर बैठाया है वे ही आने वाले पार्षद चुनाव में अपनी सक्रियता दिखाएंगे और अपने-अपने वार्डो से निर्दलीय चुनाव लड़कर बताएंगे।

## मंडलम अध्यक्ष ने भी जताया विरोध

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 4 के वार्ड 70 से जुड़े मंडलम अध्यक्ष मोहन चौहान ने भी नई इकाई का विरोध जताया और कहा कि हमारे वार्ड से वरिष्ठ सत्यनारायण मोदी को उपाध्यक्ष बनाया जाना चाहिए था वे बहुत लम्बे समय से कांग्रेस की सेवारत है और मोहन चौहान ने कहा कि वे स्वयं भी पदाधिकारी बनना चाहते थे उन्हें भी मौका नहीं मिला है, जबकि हजारों वोट से हारने वाले लोगों को ब्लॉक अध्यक्ष भी बनाया गया और पदाधिकारी भी बनाया गया है, जो गलत है। वहीं कई कांग्रेसी प्रवक्ता बनना चाहते थे उन्हें भी यह कहकर ठंडा किया गया था कि इंदौर शहर में केवल एक प्रवक्ता बनेंगे, लेकिन बाद में जब इकाई आई तो दो प्रवक्ता बन गए। अब संभाग प्रवक्ता बनाने का लालीपॉप भी दिया जा रहा है। इसका भी विरोध हो रहा है। इधर कांग्रेस नेता नितिश भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर तंज कसा और कहा कि अब इंदौर में कांग्रेस को जीतने से कोई नहीं रोक सकता हैं क्योंकि कांग्रेस ने सारे धुरंधर कार्यकारणी में पदाधिकारी बनाए गए हैं।



## महिला मोर्चा आईटी सेल में सुख्यानी एवं अड़सपुरकर



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने अपनी 38 महिला पदाधिकारियों की टीम में इंदौर से जहां कोषाध्यक्ष के रूप में निधी बंग को बनाया वहीं सुधा सुख्यानी को आईटी प्रभारी बनाया। इस तरह महिला विंग में दो पदाधिकारी इंदौर की बनी हैं। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में इंदौर की ही शिवानी अड़सपुरकर को मौका मिला है, जो मातृशक्तियों को प्रशिक्षित करेगी। इंदौर संभाग के कई जिले से पदाधिकारी नहीं बनी हैं।

## निधी बंग को मिली सीए चुनाव के बाद भाजपा में भी सफलता



### *महिला मोर्चा में बनी कोषाध्यक्ष, संघ की महिला विंग से जुड़ी हुई है*

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ लक्ष्मीकांत बंग की बेटी सीए निधी बंग को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की स्वीकृति के बाद महिला मोर्चा में प्रदेश कोषाध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण पद दिया है। पेशे से निधी बंग चार्टर्ड अकाउंटेंट है और गत वर्ष निधी बंग ने सीए एसोसिएशन के चुनाव में सबसे ज्यादा वोट डालकर सफलता हासिल की थी। बंग आरएसएस की महिला विंग से जुड़ी हुई है।





## भाजपा पिछड़ा वर्ग में इंदौर के राठौर और वर्मा को मौका

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने अपनी टीम की घोषणा की और उसकी स्वीकृति प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से ली। इस इकाई में इंदौर भाजपा नेताओं को पदाधिकारी बनाकर अवसर दिया गया है। इंदौर के प्रकाश राठौर को उपाध्यक्ष और मोहित वर्मा को मंत्री बनाया गया है।

## पीथमपुर-धार नई रेल लाइन का ट्रायल और रनिंग कल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। धार जिले के लिए ट्रेन को लेकर अच्छे संकेत की शुरूआत कल से हो रही है। पीथमपुर-धार नई रेल लाइन निरीक्षण और ट्रायल रन का आयोजन कल 23 से 26 मार्च 4 दिनों तक सुबह 9 से रात 9 बजे के बीच किया जाएगा। अभी यह ट्रायल रन 50 किलोमीटर प्रति घंटा के रूप से होगा।

## नकूल नाथ आज छोटे और बड़े वर्मा के निवास पर पहुंचकर जताएंगे शोक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पूर्व सांसद नकूल नाथ आज दोपहर 2 बजे इन्दौर विमानतल पर पहुंचेंगे और दोपहर 2.10 मिनट पर एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद नाथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री गजेन्द्र वर्मा के बिजासन रोड स्थित सीताश्री बिल्डिंग पर पहुंचेंगे। गजेन्द्र वर्मा की माताजी के निधन पर वे शोक जताएंगे। यहां से नाथ सज्जनसिंह वर्मा की पत्नी सुभद्रा वर्मा के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पण करने उनके निवास पर पहुंचेंगे। दोपहर 3.30 बजे प्रेस क्लब में मीडिया कर्मियों से मुलाकात करेंगे। आज शाम 4.15 बजे प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विनय बाकलीवाल के रतलाम कोठी निवास पर पहुंचेंगे जहां पारिवारिक सदस्यों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। शाम 4.45 पर वे प्रवेश अग्रवाल के निवास पर भी शोक व्यक्त करने पहुंचेंगे। शाम 5.30 बजे इन्दौर से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रसेन प्रतिमा स्थल नवलखा पर प्रवेश द्वार का निर्माण हो चुका है। जिसके बनने में करीब 3 साल लगे है। अग्रसेन यूथ क्लब के सौरभ गोयल बालाजी ने बताया कि जल्द ही इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया जाना है। समाज का प्रतिनिधिमंडल विधायक गोलू शुक्ला के साथ मुख्यमंत्री से मिला और उन्हें इस प्रवेश द्वार के लोकार्पण का निमंत्रण दिया और अतिथि के रूप में स्वीकृति भी चाही। सौरभ गोयल बालाजी, संजय बांकडा, मृदुल अग्रवाल, प्रतीक गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



## देपालपुर कांग्रेस के छह मंडल अध्यक्ष बने

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिला कांग्रेस कमेटी, इंदौर द्वारा बूथ स्तर पर संगठन के कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से देपालपुर विधानसभा के छह मंडलम अध्यक्षों की घोषणा जिलाध्यक्ष विपिन वानखेडे ने की। रामसिंह काका मंडल में अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह, ओमप्रकाश पुरोहित, मंडल में जगदीशचंद्र भावसार, दरियावसिंह मौर्य मंडल में राजेश परमार, बद्रीलाल पटवारी मंडल में सुरेश यादव, भुवनसिंह मंडल में प्रकाश पटेल, कालूराम पटेल मंडल में नीलेश पंवार अध्यक्ष बनाए गए।

## मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष से की भेंट

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयपुर प्रवास के दौरान कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री उद्योग निवेश संवर्धन कार्यक्रम में शिरकत करने जयपुर पहुंचे थे। वहीं कर्पूर चंद कुलिश के जन्म शताब्दी समापन समारोह में हिस्सा लिया।

## अग्रवाल जाएंगे रांची



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। समाजवादी नेता रामबाबू अग्रवाल झारखंड के रांची के लिए निकलेंगे जहां कल डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती और डॉ. लोहिया कौशल केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस सम्मेलन के लिए प्रदेश से रामबाबू अग्रवाल के अलावा चुनिंदा समाजवादियों को भी बुलाया गया है।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश के लिए दिया न्यौता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जयपुर में राजस्थान के निवेशकों से संवाद किया और उन्हें मध्यप्रदेश की विशेषताओं और डेवलपमेंट फोकस एरिया की जानकारी दी गई। निवेशकों से मुख्यमंत्री ने कहा कि असीम विकास अवसरों के केन्द्र मध्यप्रदेश से जुड़िए म.प्र. में पूर्ण इन्वेस्टमेंट करने पर प्रदेश सरकार भी पूरी तरह सपोर्ट करेगी। यादव ने यहां कहा कि राजस्थान की उद्यमशीलता और म.प्र. की संसाधन क्षमता ही सेंट्रल इंडिया को इंडस्ट्रियल पॉवर का सेंटर बनेगा।

# एक करोड़ की सड़क के लिए नहीं मिल रहा है ठेकेदार

## दो बार प्रयास असफल होने के बाद निगम ने शुरू की तीसरी कोशिश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा आजाद नगर में एक करोड़ रुपए की लागत से सड़क के निर्माण का फैसला लिया गया। निगम के फैसले को क्रियान्वित करने के लिए कोई ठेकेदार तैयार नहीं है। निगम के द्वारा इस सड़क का निर्माण करवाने के लिए दो बार टेंडर जारी किए जा चुके हैं लेकिन नतीजा शून्य रहा। अब नगर निगम तीसरी कोशिश कर रहा है।

नगर निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 19 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 53 में आजाद नगर क्षेत्र आता है। इस क्षेत्र में आजाद नगर के मुर्गी केंद्र अलमारी वालों के कारखाने से लेकर मदीना नगर के गेट के सामने से होते हुए कब्रिस्तान वाली काली पुलिया तक मुख्य मार्ग की सड़क के निर्माण का निगम के द्वारा फैसला लिया गया था। इसके लिए निगम के द्वारा तैयार की गई योजना में यह बताया गया था कि इस कार्य की लागत 1.10 करोड़ रुपए रहेगी। नगर निगम के द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थीं। इसके बाद में इस काम को करने के लिए नगर निगम के द्वारा कोशिश शुरू की गई। नगर निगम की कोशिशें को बड़ा धक्का उस समय लगा जब इस काम को करने के लिए दो बार टेंडर जारी किए जाने के बावजूद कोई भी ठेकेदार काम करने के लिए आगे नहीं आया।

निगम के जन कार्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह काम 240 दिवस यानी की 8 महीने में पूरा किया जाना है। इस काम को करने के लिए नगर निगम दो बार टेंडर जारी कर चुका है लेकिन एक भी ठेकेदार काम करने के लिए तैयार नहीं है। इस सड़क पर यातायात का दबाव रहता है। ऐसे में नगर निगम चाहता है कि यह महत्वपूर्ण सड़क जल्द से जल्द बनाकर तैयार हो जाएं। इसी कारण से नगर निगम के द्वारा इस सड़क का निर्माण करने के लिए तीसरी बार टेंडर जारी किया गया है। इस बार नगर निगम के द्वारा 8 अप्रैल तक इस काम को करने के इच्छुक ठेकेदारों से उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। निगम को उम्मीद है कि इस बार कोई ना कोई ठेकेदार इस काम को करने के लिए आगे आ जाएगा।

### अलीम के पास है कमान

इस वार्ड की कमान पिछले कई सालों से कांग्रेस के पार्षद शेख अलीम के पास है। कभी अलीम खुद पार्षद होते हैं तो कभी उनकी पत्नी पार्षद होती हैं। उनके द्वारा रुचि लिए जाने के कारण ही नगर निगम के द्वारा इस सड़क के निर्माण के प्रस्ताव को तैयार कर मंजूरी दी गई है। अब यह सड़क नहीं बन पा रही है। इसकी स्थिति के कारण उन्हें परेशानी भी बहुत हो रही है। उनके द्वारा निगम के अधिकारियों पर यह दबाव भी बनाया जा रहा है कि जैसे तैसे कैसे भी किसी भी ठेकेदार को इस काम को करने के लिए राजी कर लिया जाएं।

# सवा करोड़ की पानी की लाइन डलेगी 80 लाख की सड़क बनेगी

## महापौर ने किया 2 करोड़ के कामों का भूमि पूजन






इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बड़ी ग्वालटोली से लगे हुए क्षेत्र में इंदौर नगर निगम के द्वारा सवा करोड़ रुपए की लागत से पानी की लाइन डाली जाएगी। इसके साथ ही 80 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण भी किया जाएगा।

इन 2 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले काम का महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा आज सुबह भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद विजयलक्ष्मी गौहर भी मौजूद थे। शहर में किए जा रहे विकास कार्यों की संख्या में आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के वार्ड क्रमांक 48 के अंतर्गत करोड़ों के विकास कार्यों का महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा किया गया। इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन 12 पत्थर चौराहा सेंट पॉल स्कूल के पास किया गया। इस क्षेत्र में नगर निगम के द्वारा अमृत 2.0 के अंतर्गत 1.25 करोड़ रुपए की लागत से पानी की नई लाइन डालने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र में 80 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कंक्रीट की सड़क का निर्माण भी किया जाएगा। इन दोनों कामों को नगर निगम के द्वारा काफी पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। इसके बाद ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया चल रही थी। जब यह प्रक्रिया पूरी हुई तो फिर निगम की ओर से काम को शुरू करने की पहल की गई।

# 16 परिवार के बच्चों ने बनाया मकान टूटने के पहले प्रसाद

## माता की आराधना भी हुई, भोग भी लगाया, आंखें भी नम हुई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पश्चिमी क्षेत्र के दुर्गा माता मंदिर पिलियाखाल पर कल शाम 16 परिवारों से जुड़े छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियों ने लकड़ी के चूल्हे पर माता की आराधना के लिए प्रसाद के रूप में सब्जी पुड़ी और आटा का हलवा बनाया। यह स्थान मेट्रो स्टेशन के कारण टूट की चपेट में आ रहा है। यहां शारदीय नवरात्रि पर बच्चे गरबा भी करते हैं, माता की आराधना भी करते हैं, इन्हीं सबने कल चैत्र नवरात्रि पर माता की आराधना की और गरबा भी किया और उसके पहले आलू की सब्जी-पुड़ी और आटा का हलवा भी बनाया, जिसका भोग भी माता को लगाया। सभी ने माता से माफी भी मांगी और कहा कि अब हम यहां से कहीं दूर जाएंगे, हमें पता नहीं है, हमे कहा बसाया जाएगा इसकी हमें जानकारी नहीं है, इन बच्चों ने यह भी कहा कि हम जहां भी जाएंगे वहां माता की आराधना करेंगे। इस दौरान यह 16 परिवार के लोग एक-दूसरे से लिपटकर रो भी पड़े, क्योंकि सभी गरीब परिवार के लोग है और इनके परिजन हम्माली और मजदूरी करके माता का मंदिर बनाया था और यह स्थान मेट्रो ट्रेन के कारण टूट की चपेट में हैं इसी कारण सबको बिछड़ने का दु:ख भी है। सभी माँ की आराधना कर एक-दूसरे से लिपटकर रो भी पडे।

# सिख समाज से भी नहीं बनाया प्रवक्ता तो उठी आवाज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस में पहले कई प्रवक्ता बना रखे थे और इस बार भी उम्मीद की जा रही थी कि प्रवक्ता अतिरिक्त बनेंगे। इधर शहर कांग्रेस में प्रवक्ता रहने के बाद संभागीय प्रवक्ता बने सन्नी राजपाल जो सिख समाज अल्पसंख्यक कोटे से है, उन्हें इस बार शहर में प्रवक्ता लिए जाने की उम्मीद जताई जा रही थी। ज्यादातर सिख समाजजन भाजपा से जुड़े हैं। ऐसे में सन्नी राजपाल ने अपना नाम शहर प्रवक्ता के लिए दिया था, जब नाम नहीं आया तो कई समाजजनों ने सोशल मीडिया पर सिख समाज की ओर से सन्नी राजपाल की पैरवी की। इधर गिरीश चितले समर्थकों ने भी चितले को पदाधिकारी नहीं बनाया तो नाराजगी जताई। प्रवक्ता के रूप में ब्राह्मण समाज से घनश्याम जोशी भी बने हुए थे, सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से अनूप दुबे ने भी ब्राह्मण समाज की अनदेखी को नाराजगी के रूप में लिया।

# पंचशील कालोनी में पकड़ा दूसरे वर्ग का युवक

## रात को जमकर मचा बवाल, मामला पहुंचा थाना तक





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आजाद नगर थाना क्षेत्र के पंचशील नगर मूसाखेड़ी में एक मकान से कल रात एक युवक को रहवासियों ने पकड़ा। साथ में एक युवती भी पकड़ाई। रहवासियों ने युवक के साथ युवती भी की पिटाई की, दोनों युवक-युवती अलग-अलग वर्ग के थे। इस मामले में अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि उनके साथ दिनेश, रजत, दयाल ने मकान पर छापामार कार्रवाई की और वहां से एक चिकित्सक जो दूसरे वर्ग से हैं वे नाम बदलकर युवती के साथ हरकत कर रहे थे। अभिषेक ने बताया कि इन चिकित्सक के मोबाइल को भी चेक किया तो उसमें कई युवतियों के नम्बर भी मिले हैं, जिसके बाद मकान में रहवासियों ने धावा बोला उस मकान मालिक पर भी कार्रवाई की मांग की गई है। इधर कार्रवाई के दौरान बजरंग दल पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी पहुंच गए थे। बजरंग दल पदाधिकारियों का कहना है कि आज आजद नगर थाना का दोपहर में घेराव किया जाएगा और पकड़े गए आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस मामले में पुलिस आजाद नगर से चर्चा की गई तो पुलिस का कहना था कि युवती ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई हैं, इसलिए रहवासियों की शिकायत पर युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस की बड़ी बैठक दो दिन बाद होगी

## हरीश चौधरी और जीतू पटवारी करेंगे पदाधिकारियों के साथ समीक्षा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के अलावा प्रदेश सहप्रभारी और इंदौर कांग्रेस प्रभारी की मौजूदगी में 24 मार्च की सुबह 10.30 बजे से कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। आज या कल सुबह इंदौर के 60 वार्डों में कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी, महिला प्रभारी की नियुक्तियां भी कर देंगे और बैठक में शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष और जो नए मंडलम अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी, महिला प्रभारी बनेंगे वे भी सब मौजूद रहेंगे। कांग्रेस की समीक्षा बैठक होगी। यह महत्वपूर्ण और बड़ी बैठक है।

# तेज आवाज में म्यूजिक बजाने पर साउंड सिस्टम जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में ध्वनि प्रदूषण और प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

कनाड़िया पुलिस ने देर रात बिचौली मर्दाना रोड स्थित मयंक ब्लू वाटर पार्क के पास मकान नंबर 582 पर दबिश दी गई। यहां रामचरण अमलाउदिया तेज आवाज में म्यूजिक सिस्टम चलाकर ध्वनि प्रदूषण कर रहा था। जांच में सामने आया कि आरोपी द्वारा पुलिस आयुक्त के प्रतिबंधात्मक आदेशों की अवहेलना की जा रही थी। पुलिस ने मौके से जेएमबी कंपनी का म्यूजिक सिस्टम जब्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एक्टिवा रिपेयरिंग के रुपए मांगने पर विवाद, बुजुर्ग दुकानदार से मारपीट

**इन्दौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग दुकानदार के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। अपनी मेहनत की मजदूरी के पैसे मांगना एक 75 वर्षीय बुजुर्ग को भारी पड़ गया। एक्टिवा रिपेयरिंग के बकाया रुपयों को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने बुजुर्ग की दुकान में घुसकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना हरसिद्धि नगर निगम मार्केट की है। फरियादी पीताम्बर पिता जमटमल चावला (75) वहां अपनी दुकान संचालित करते हैं। पीताम्बर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आरोपी परीक्षित पिता मनोहर सिंह की एक्टिवा रिपेयर की थी, जिसके 8000 रुपये बकाया थे। जब बुजुर्ग ने अपनी मजदूरी के पैसे मांगे, तो आरोपी विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी परीक्षित, कविता निवासी कुशवाह श्रीनगर और उनके साथ आए एक मैकेनिक ने बुजुर्ग की दुकान के भीतर जबरन प्रवेश किया। आरोपियों ने 75 वर्षीय बुजुर्ग के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।आरोपियों ने जमकर उत्पात मचाया और वहां रखे सामान को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

# देशी पिस्टल और कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**इन्दौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो शातिर बदमाशों को दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से एक लोहे की देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे या हथियारों की तस्करी कर रहे थे। भंवरकुआं पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सर्वानंद नगर क्षेत्र में दो संदिग्ध युवक हथियार लेकर घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद टीम ने पीछा कर दोनों को धर दबोचा।पकड़े गए आरोपियों की पहचान यश पिता राजेश टांक और नितेश घावरी दोनों निवासी भूरी टेकरी के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर इनके पास से एक लोहे की देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिन्हें पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर लिया। इसके अलावा, आरोपियो के कब्जे से स्कूटर एमपी-09 एयू 9178 को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।भंवरकुआं पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि वे यह पिस्टल कहाँ से लाए थे और इसका इस्तेमाल कहाँ करने वाले थे। साथ ही, इनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

# अग्रवाल कंपाउंड में मानसून से पहले मिलने वाली है नई सड़क की सौगात

**85 लाख से ज्यादा खर्चकर होगा पूरे क्षेत्र की गलियों में सड़क का निर्माण**



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 20 में स्थित न्यू खातीपुरा में अग्रवाल कंपाउंड और आसपास के क्षेत्र में लंबे समय बाद निगम 85 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर सालों बाद नई सीमेंटेड सड़क की सौगात देगा। जिसको लेकर निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासी परिवारों की मांग पर सड़क निर्माण की फाइल मंजूरी के बाद अब टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके तहत यहां सालों बाद संपूर्ण कंपाउंड में हर गलियों में लाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों को सुधारकर लंबे समय के बाद नव निर्माण करने की तैयारी भी शुरू हो गई है।

**रहवासी बोले आसपास की सड़कें बनने के बाद अब हमारे कैम्पस की बारी-** इधर, वार्ड 20 के न्यू खातीपुरा क्षेत्र के अग्रवाल कैंपस कंपाउंड के रहवासी कपिल सिंघल, आनंद अग्रवाल, मुकेश शर्मा, कपिल गोयल, मनीष पंडित ने बताया लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और निगम अधिकारियों से सड़क सुधार और नव निर्माण की मांग कर रहे थे। यही नहीं जबकि आसपास की सड़कें बन गई उसके बाद भी हमारे क्षेत्र का नंबर अब जाकर आया। वहीं अब बताया जा रहा है कि यहां की लगभग आधा दर्जन गलियों में मुख्य मार्ग के साथ नई सीमेंटेड सड़क निर्माण की सौगात बारिश का सीजन शुरू होने से पहले देने की तैयारी है। जिसको लेकर निगम द्वारा निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू कर अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है।

# धक्का लगने पर दो युवकों पर चाकू से हमला

**इन्दौर।** महू थाना क्षेत्र के कैंटोमेंट गार्डन में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। महज धक्का लगने की बात को लेकर दो बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, घटना कैंटोमेंट गार्डन, महू की है। फरियादी सोहराब पिता सरफराज लोधी निवासी बंडा बस्ती, महू अपने साथी फय्याज पिता नवाब के साथ गार्डन में मौजूद था। इसी दौरान वहां मौजूद आरोपी निम्मा और रेहान निवासी किरवानी मोहल्ला से उनका मामूली धक्का लग गया। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने चाकू निकाला और सोहराब व फय्याज पर हमला कर दिया। हमले में फय्याज को पीछे गर्दन और बाईं तरफ पसली के पास गंभीर चोटें आई हैं। लहूलुहान हालत में युवकों को देख आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकले। महू पुलिस ने सोहराब की शिकायत पर आरोपी निम्मा और रेहान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**गेंद के पीछे गदर**

# पड़ोसी के घर का दरवाजा तोड़ घुसे हमलावर, पूरे परिवार को बेरहमी से पीटा

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में बच्चों के खेल-खेल में उपजा मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। भवानी नगर में एक परिवार की गेंद पड़ोसी के घर में चली गई, जिससे आक्रोशित होकर पड़ोसियों ने घर का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और पूरे परिवार के साथ बेरहमी से मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना भवानी नगर की है। फरियादी धर्मे पिता हुकुम चिचले ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनके बच्चे खेल रहे थे, तभी गेंद सामने रहने वाले उस्मान खान के घर में चली गई। इसी बात से नाराज होकर उस्मान, उसका भाई अनीश और उनकी माँ शकीला खान धर्मे के घर पहुँच गए। जब धर्मे ने डर के मारे दरवाजा अंदर से बंद कर लिया, तो आरोपियों ने जोर से लात मारकर दरवाजे का कुंदा तोड़ दिया और जबरन घर के भीतर घुस गए।घर के अंदर घुसते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब धर्मे ने विरोध किया, तो उस्मान और अनीश ने धर्मे और उनके भाई दीपक चिचले के साथ जमकर मारपीट की। इसी दौरान, बीच-बचाव करने आई धर्मे की माँ लक्ष्मी को आरोपी महिला शकीला ने थप्पड़ जड़ दिए। शोर सुनकर जब मोहल्ले वाले जमा हुए, तो आरोपी वहाँ से भाग निकले।जाते-जाते आरोपियों ने पूरे परिवार को सरेराह धमकी दी कि 'आज तो बच गए, लेकिन आइंदा अगर हमसे उलझने की कोशिश की या बच्चों की गेंद हमारे घर आई, तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे।

# टोलकर्मी और वाहन चालक के बीच जमकर चले लात-घूंसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

किशनगंज थाना क्षेत्र के सोनवाय टोल प्लाजा पर कर्मचारी और वाहन चालक आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लात घूंसे चल गए। पुलिस ने मामले में दोनों ही पक्षों की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना सोनवाय टोल फोरलेन की है। पहले पक्ष से टोलकर्मी रमेश मंडलोई निवासी बाग ने पुलिस को बताया कि आरोपी सुप्रीम पिता मुन्नालाल साहू निवासी चित्रा बाग, खंडवा नाका ने विवाद शुरू किया। सुप्रीम का कहना था कि उसे टोल पर खड़े हुए 10 सेकंड से अधिक का समय हो गया है, इसलिए वह टोल टैक्स नहीं देगा। इसी बात पर उसने गाली-गलौज की और विरोध करने पर रमेश के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।वहीं, दूसरे पक्ष से वाहन चालक सुप्रीम साहू ने टोलकर्मी रमेश मंडलोई के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सुप्रीम का आरोप है कि उसने सिर्फ जल्दी वाहन निकालने की बात कही थी, जिस पर टोलकर्मी रमेश भड़क गया। आरोप है कि रमेश ने न केवल अभद्रता की और गालियां दीं, बल्कि उसके साथ मारपीट भी की।

# झपट्टा मारकर मोबाइल लूटा, प्रेस्टीज कॉलेज के पास युवक से सरेराह लूट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में प्रेस्टीज कॉलेज के पास एक अज्ञात बाइक सवार बदमाश ने पैदल जा रहे एक युवक के हाथ से कीमती मोबाइल फोन छीना और पलक झपकते ही फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना स्कीम नंबर 78 स्थित प्रेस्टीज कॉलेज के पास की है। मूल रूप से ललितपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले और वर्तमान में बापू गांधी नगर, इंदौर में रह रहे फरियादी उज्ज्वल पिता जितेंद्र सिंह बुंदेला वहां से गुजर रहे थे तभी पीछे से एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार तेज रफ्तार में आया और उज्ज्वल के हाथ में रखा नथिंग कंपनी का मोबाइल फोन झपट्टा मारकर छीन लिया। उज्ज्वल जब तक बदमाश का पीछा करते, तब तक वह अपनी बाइक दौड़ाते हुए 136 चौराहे की तरफ भाग निकला। पीड़ित ने तुरंत लसूड़िया थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी। लसूड़िया पुलिस ने उज्ज्वल की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब प्रेस्टीज कॉलेज से लेकर 136 चौराहे तक के मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रही है, ताकि बदमाश की बाइक का नंबर और उसके हुलिए की पहचान की जा सके।

# मनोरंजन कर को लेकर निगम और आयोजक में विवाद

## नियम अनुसार मनोरंजन कर जमा नहीं होगा तो होगी सख्ती- महापौर




### 27 लाख का टैक्स जमा होने के बाद हुआ कार्यक्रम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर में शनिवार को पंजाबी पॉप स्टार करण औजला के कार्यक्रम को लेकर एक बार फिर नगर निगम और आयोजक के बीच मनोरंजन कर को लेकर विवाद खड़ा हो गया। हर बार की तरह नगर निगम को इस बार भी टैक्स की वसूली के लिए आयोजन स्थल पर पहुंचकर सामान की जब्ती करनी पड़ी, जिसके बाद आयोजकों ने 27 लाख रुपए की राशि जमा करवाई, इधर नगर निगम ने आयोजन स्थल से जब्त सामान इसी शर्त पर वापस किया कि बची हुई राशि टिकट बिक्री के रिकार्ड के आधार पर जमा की जाएगी।

**50 लाख की डिमांड, 8 लाख करना चाहते थे जमा-** नगर निगम मार्केट विभाग के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि पंजाबी पॉप स्टार करण औजला के कार्यक्रम हेतु नियम अनुसार टिकट विक्रय की 10 प्रतिशत राशि मनोरंजन कर के रूप में जमा की जानी थी। यह नियम मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों के माध्यम से वसूला जाता है। इंदौर नगर निगम ने भी आयोजकों से 50 लाख रूपए का टैक्स जमा करने के लिए डिमांड जारी की थी, लेकिन आयोजक ने 8 लाख रूपए का टैक्स जमा किया।

**27 लाख के करीब जमा किए तो सामान वापस-** अपर आयुक्त सिंह ने बताया कि जब पर्याप्त राशि टैक्स की आयोजक ने जमा नहीं की तो नगर निगम ने आयुक्त के निर्देश अनुसार सख्त कार्रवाई करते हुए आयोजन स्थल पर साउंड सिस्टम सहित अन्य सामान जब्त किया गया, इसके बाद आयोजकों ने 19 लाख 70 हजार रुपए जमा किए, इस तरह कुल 27 लाख 70 हजार रूपए टैक्स जमा होने के बाद नगर निगम ने जब्त सामान छोड़ दिया, इसके बाद आयोजक को निर्देश दिए है कि वो कुल टिकट ब्रिकी की राशि का स्टेटमेंट नगर निगम को जमा करवाएंगे, इसके बाद 10 प्रतिशत जो भी राशि निकलकर आएंगी वो निगम को अदा की जाएगी।

**6.50 लाख टिकट विक्रय का अनुमान-** सूत्रों के मुताबिक वीवीआईपी टिकट 15 हजार रुपए, गोल्ड सर्कल 11 हजार और सिल्वर लाउंज 10 हजार रुपए में बेचे गए। अनुमान के अनुसार करण औजला के इस आयोजन के 6.50 लाख टिकट बेचे गए है। हालाकि अधिकारिक जानकारी नगर निगम को दिए जाने वाले स्टेटमेंट से क्लीयर होगी।

**हनी सिंह, अरिजीत सिंह और दिलजीत के आयोजन पर विवाद-** नगर निगम के मनोरंजन कर का विवाद हनी सिंह, अरिजीत सिंह और दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम के दौरान भी रहा है। हनी सिंह के कंसर्ट का 1 करोड़ का सामान पिछले साल 8 मार्च 2025 को जब्त किया गया। आज तक यह टैक्स जमा नहीं हुआ, ना ही नगर निगम ने सामान वापस किया। नगर निगम के लिए महंगा साबित हुआ। इसी तरह अरिजित सिंह दिलजीत के आयोजन में भी यही हुआ, निगम इनके आयाजकों को आज तक नोटिस पहुंचा रहा है, लेकिन टैक्स अभी जमा नहीं हुआ है।

**नगर** निगम द्वारा बगैर मनोरंजन कर जमा किए पंजाबी पॉप स्टार करण औजला लाईव कार्यक्रम से पहले सामान जब्ती की कार्रवाई की गई थी, इसके बाद 27 लाख 70 हजार रुपए का टैक्स जमा करवाया गया, अब बकाया टैक्स टिकट विक्रय का स्टेटमेंट आयोजक देंगे इसके बाद वसूला जाएगा।

**-आकाश सिंह, अपर आयुक्त**



**इंदौर** में कलाकार आएं और अपने कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दे इससे हमें कोई एतराज नहीं है, लेकिन नगर निगम का मनोरंजनकर नियम अनुसार जमा होना चाहिए, जब आयोजक टैक्स जमा नहीं करते है तो नगर निगम सख्ती करता है, अभी भी बीते वर्ष जिन कलाकारों ने आयोजन किए थे उन्होंने टैक्स जमा नहीं किया है। हम इंदौर में बगैर टैक्स जमा किए आयोजन के खिलाफ है।

**-पुष्यमित्र भार्गव, महापौर**

# भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने देखा स्वच्छता मॉडल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



इंदौर नगर निगम के स्वच्छता को मॉडल राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली से आए 14 सदस्यीय दल ने देखा। निगम आयुक्त शिक्षित सिंघल ने अधिकारियों की अगवानी कर स्वागत किया। उसके बाद नगर निगम द्वारा किए गए नवाचारों, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली एवं संपूर्ण स्वच्छता मॉडल पर विस्तृत प्रजेंटेशन के माध्यम से दल को अवगत कराया गया। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा इंदौर की स्वच्छता यात्रा, जीरो वेस्ट सिटी के प्रयास, प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन, सीएनडी वेस्ट प्रोसेसिंग, बायो सीएनजी उत्पादन तथा जन भागीदारी से किए गए नवाचारों की संपूर्ण जानकारी दी गई। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली से आए अधिकारियों द्वारा सिटी बस ऑफिस में प्रजेंटेशन देखा व आई सीसीसी, राजशाही जीटीएस, ट्रेंचिंग ग्राउण्ड स्थित बायो सीएनजी, सी एंड डी वेस्ट प्लांट अन्य प्लांट का अवलोकन किया गया। दल द्वारा सीटी बस आफिस स्थित आईसीसीसी सेंटर का भी अवलोकन किया गया, यहां पर आयुक्त ने बताया कि किस प्रकार से इंदौर स्वच्छता के साथ ही लोक परिवहन वाहनो के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के 16 सदस्यीय दल को इंदौर के स्वच्छता अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए, बताया कि किस प्रकार से पूर्व में इंदौर में जगह-जगह कचरा पेटियां हुआ करती थी, जिस कचरा पेटी के आस-पास कचरे के ढेर लगे हुए होते थे, इसके पश्चात इंदौर ने स्वच्छता अभियान के तहत इंदौर को कचरा पेटी से मुक्त करते हुए, शहर के चिंहित वार्ड में पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन चलाये, जिनका जीपीएस सिस्टम के माध्यम से मॉनिटरिंग किया जा रहा है, सभी कचरा संग्रहण वाहन अपने निर्धारित रूट व समय पर अपने कार्य क्षेत्र में कार्य कर रहे है। शहर को ओडीएफ मुक्त कैसे किया, पहले गीला-सूखा कचरा संग्रहित किया जाता है, अब हर दिन 6 बिन की तर्ज पर 6 प्रकार का कचरा संग्रहित किया जा रहा है। थैला बैंक, बर्तन बैंक, डिस्पोजल फ्री क्षेत्र, जीरो वेस्ट इवेंट, जीरो वेस्ट शादी, नाला सफाई अभियान, नाला क्रिकेट, नाला मेडिकल चेकअप, नाला फुटबॉल, नाला दंगल व अन्य गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## पुलिस ने जिलाबदर को दबोचा



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कल मुखबिर की सूचना के बाद छत्रीपुरा थाना के लिस्टेट जिलाबदर आरोपी को पुलिस ने सुखलिया क्षेत्र में पकडा। मुखबिर ने छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के कृष्णा उर्फ किन्ना पिता धर्मेन्द्र चौहान उम्र 22 साल निवासी 418 समाजवाद नगर की जानकारी दी थी जो जिलाबदर होकर ही इन्दौर में घुम रहा था। इस कार्रवाई में टीआई संजीव श्रीवास्तव एवं धर्मेन्द्र पाठक, दीपचंद यादव, भूपेन्द्रसिंह, धर्मेन्द्रसिंह सोनगरा, संतोष राठौर, गौरव परमार की भूमिका सराहनीय रही।

## जुआरियों को पकडा



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुखबिर की सूचना के बाद द्वारकापुरी टीआई मनीष मिश्रा के नेतृत्व में ऋषि पैलेस कॉलोनी में नरेंद्र पेंटर के मकान के बाहर ओटले पर से 07 जुआरियों को जुआ खेलते पकडा। इनके पास से 11 हाजर रु. से अधिक जब्त किए। पुलिस ने जुआ एक्ट में नरेंद्र अलालसे निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी, शिवराम खेड़े--निवासी द्वारिकापुरी, धर्मेंद्र आर्य--निवासी गुरुशंकर, रोकड़िया-निवासी गुरुशंकर, भागीरथ खेड़े-- निवासी कुंदन नगर थाना राजेंद्र नगर, रवि वकावाले--निवासी विदुर नगर, राकेश खेड़े निवासी द्वारकापुरी को गिरफ्तार किया।




## उपयोग किए कपड़े से बनाई राजवाड़ा की प्रतिकृति

*फैशन के मंच से स्वच्छता का संदेश*

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम ने स्ट्रीट फैशन वॉक का आयोजन कल छप्पन दुकान क्षेत्र में किया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त प्रखर सिंह की भी मौजूदगी रही। आरआरआर थीम पर स्ट्रीट फैशन वॉक किया गया। यहां पर वेस्ट से बने बेस्ट आकर्षण का केन्द्र रहे। उपयोग किए गए कपड़े से राजवाड़ा की प्रतिकृति बनाई गई थी, जिसका लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में वेस्ट कपड़ों के अलावा उपयोग किए गए मटेरियल से भी वस्तुओं का निर्माण किया गया था। स्वच्छता का संदेश भी दिया गया और सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया। युवा और शहरवासियों की मौजूदगी रही।

## कबूतर के जोड़ों को दफनाया



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पश्चिम क्षेत्र के 60 फीट रोड पर स्थित बिजली की लाइन पर कबूतर का जोड़ा बैठा हुआ था तभी इस जोड़े को करंट लगा और तत्काल यह कबूतर का जोड़ा नीचे गिर गया। वहां से नगर निगम के सीएसआई भारत करोसिया निकल रहे थे। करोसिया ने अपने सहयोगियों के साथ उन्हें पानी पिलाने की कोशिश की, लेकिन करंट इतना तेज लगा था कि उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस कबूतर के जोड़ों को भारत करोसिया ने अपनी निगम की गाड़ी में रखा और आगे जहां खाली प्लाट दिखा वहां गड्ढा करवाकर दफनाया।





# मेघदूत क्षेत्र की माहेश्वरी महिलाओं ने किया आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मेघदूत क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन की महिलाएं कल पारम्परिक वेशभूषा लहंगा चुन्री, लहरिया और चुनरी की साड़ियों में सोलह श्रृंगार कर कार्यक्रम में शामिल हुई। गणगौर माता के जयकारे और दोहे भी गाए गए और अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना भी की। अध्यक्ष नेहा माहेश्वरी, सचिव स्मिता तापड़िया ने बताया कि आरती बियाणी और टीना बियाणी ने गणगौर गीतों की प्रस्तुति दी। घुमर नृत्य की प्रस्तुति भी हुई। गणगौर माता को भोग लगाया गया, बिंदोरा भी निकाला गया, महिलाओं ने गीतों पर नृत्य भी किए, गणगौर माता को जल पिलाया, वारने लिए, विदाई दी गई। अतिथि के रूप में सुमन सारडा, मीनाक्षी नवाल मौजूद थी। कार्यक्रम में उर्मिला शारदा, सुशीला बियाणी, निर्मला तापड़िया, मधु ईनाणी, रंजू जाखेटिया सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

## पार्श्वनाथ मंदिर में आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर विद्या पैलेस की शिखर प्रतिष्ठा, कलशारोहण और मंगल प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। आदित्य सागर म.सा. का सानिध्य मिला। छोटा बांगड़दा क्षेत्र से शोभायात्रा निकाली गई। भगवान की 5 प्रतिमाओं को रथ पर विराजित किया गया। प्रतिमाओ के श्रद्धालुओं ने दर्शन भी किए। धर्म ध्वजा लहराई, भगवान पार्श्वनाथ के जयकारे लगे, नकुल पाटोदी, मयंक जैन, आनंद गोधा, राजेश जैन, पिंकेश टोंग्या, टीके वेद, कैलाश वेद, पारस जैन मौजूद थे।

## अजाक्स में नए पदाधिकारियों का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। म.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के नए पदाधिकारियों ने पदभार भोपाल में ग्रहण किया उनका स्वागत भी किया गया और 14 अप्रैल को होने वाले डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती पर भी चर्चा की गई। इंदौर से भी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।





## सामूहिक विवाह के पहले बप्पा को निमंत्रण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मां वैष्णो देवी भक्त युवा मंडल द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्मान समारोह का आयोजन 15 अप्रैल को अभिनव कला समाज में किया जाएगा। संस्था के धर्मेन्द्र जोशी ने बताया कि दानदाताओं का सम्मान भी होगा। इस आयोजन का पहला निमंत्रण भगवान गणेश को अर्पण किया गया। धर्मेन्द्र जोशी, रितेश बाफना, डॉ. आलोक डोलिया, सर्वप्रिय बंसल, राजू शर्मा, महेश पालीवाल, अतुल बंसल, आलोक तिवारी, मनीष तिवारी, विवेक शुक्ला, काशी मिश्रा, गिरीश जैन, अशोक खंडेलवाल, बंटी शर्मा, मुकेश पीपाड़ा, दिलीप सोलंकी, हेमराज सेन, दशरथ बिजोरे, सचिन नरवरिया, रवि वर्मा, रोशनी जोशी, सुनीता ठाकुर, पूनम वर्मा, संतोषी जिंजोर, लक्ष्मी कुशवाहा, वैष्णवी जोशी मौजूद थे।

## गायत्री यज्ञ में चलित आहुतियां

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आर्य समाज संचार नगर और गुरु वीरजानन्द वैदिक गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा चलित गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रोजाना 4 घंटे गायत्री मंत्र की गूंज रहे हैं। यह यज्ञ ई-रिक्शा पर किया जा रहा है जो अलग-अलग क्षेत्रों में रिक्शा पहुंच रहा है और श्रद्धालु आहुतियां अपने घर, दुकान और संस्थान के बाहर दे रहे हैं। आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार, महर्षि दयानन्द सरस्वती, अशोक आर्य, ऋषि शास्त्री, राकेश शास्त्री, गौतम आर्य, विनायक राजपूत, श्याम ठाकुर, बालेन्द्र सिंह, सूर्य गुप्ता का इस ई-रिक्शा चलित यज्ञ में योगदान रहा।



## हनुमानजी के मंदिर में माता की आराधना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विजय मारुति हनुमान मंदिर नवरत्न बाग में महंत मंगलदास महाराज खाकी ने माताजी का विशेष श्रृंगार करवाया। पूजा-अर्चना और आरती भी की गई। यज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। हनुमानजी की प्रतिमा को भी श्रृंगारित किया गया था।





## मिश्रा अध्यक्ष बने

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वैकल्पिक चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु सिंह ने डॉ. आरएन मिश्रा को लगातार तीसरी बार इंदौर जिला अध्यक्ष बनाया। कई चिकित्सकों ने बधाई दी है।

## माहेश्वरी महिलाओं ने की शिरकत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री बालाजी माहेश्वरी महिला संगठन की महिलाएं गणगौर पर बाना का आयोजन किया। कई प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई।



# विश्व जल दिवस पर नाले के किनारे जाकर लगाई झाड़ू

## कृष्णपुरा छत्री पर गिने चुने लोगों का एकल प्रयास

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विश्व जल दिवस के अवसर पर आज स्वयंसेवी संगठन अभ्यास मंडल द्वारा नाले किनारे जाकर झाड़ू लगाने का काम किया गया। कृष्णपुरा छत्री पर पहुंच कर गिने चुने लोगों ने यह एकल प्रयास किया।**



अभ्यास मंडल काफी समय से कान्ह और सरस्वती नाले को फिर से नदी के स्वरूप में लाने के लिए जन जागरण का अभियान चला रहा है। इसके लिए कभी श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तो कभी उनके किनारे पर दीपक लगाकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाता है। पिछले कई सालों से चल रहे इस अभियान के बावजूद यह नाला अभी तक नाला ही बना हुआ है। आज विश्व जल दिवस के मौके पर पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता के नेतृत्व में इस संगठन के कार्यकर्ता जमा हुए। इन लोगों के द्वारा कृष्णपुरा छत्री पर नाले के किनारे वाले स्थान पर झाड़ू लगाकर सफाई का अभियान चलाया।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे नागरिक यह देखकर दुखी हो गए की इंदौर नगर निगम जिसे नदी बनाने का दावा करता है वह नाला इतना ज्यादा गंदा और बदबूदार है। पूरे नाले में कचरा और गंदगी बह रही है। नगर निगम के द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से पानी को ट्रीट करके इसमें छोड़ने का दावा किया जाता हो लेकिन ऐसे किसी दावे का कोई मतलब नजर नहीं आ रहा है।

## सर्व बलाई समाज की बैठक आज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री बलाई समाज संगठन समिति के घनश्याम सोलंकी ने बताया कि सर्व बलाई समाज की बैठक आज मयूर नगर समाज धर्मशाला पर आयोजित की जा रही है। बाबा साहब आम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल को मनाने को लेकर बैठक में चर्चा होगी। एनआर चाकरे, अवधेश डावरे, केआर सोनारत्या, जितेन्द्र परमार, भागीरथ भालसे, राजेश मालवीय, जगदीश चाकरे, गोविंद मालवीय अपने सुझाव देंगे।



# 61 महिलाओं का सामूहिक गणगौर उद्यापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पंचकुईया स्थित श्री राम मंदिर पर श्री कृष्णाश्रय महिला मंडल द्वारा 61 महिलाओं का सामूहिक गणगौर उद्यापन मल्हारगंज स्थित नारनौली धर्मशाला पर आयोजित हुआ,इसमें 2 हजार से अधिक मातृशक्ति सम्मिलित हुई। मंडल प्रमुख मंजुला शर्मा,वर्षा बंसल,वर्षा शर्मा, ऋतु तिवारी, मीना जोशी ने बताया कि शनिवार को आयोजित सामूहिक गणगौर उद्यापन में महिलाओं ने गणगौर माता का पूजन कर सुहागन महिलाओं को भोजन कराया,साथ ही विभिन्न तरह की प्रतियोगिता भी हुई।

## गणगौर माता का पूजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पल्हर नगर स्थित माँ जमुना निवास पर गणगौर पूजन में भगवान शिवजी माता पार्वतीजी का पूजन महिलाओं और युवतियों ने किया। परिवार की मंगल कामना भी की गई।



## श्री आनंद धाम में आज दुर्गा बीज मंत्र हवन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। उज्जैन रोड स्थित श्री आनंद धाम ब्राह्मणखेडी पर गुरुदेव विवेक महाराज के सानिध्य में दुर्गा बीज मंत्र हवन आचार्य प्रवीण नागर द्वारा आज आयोजित किया जा रहा है। 108 भक्तों की मौजूदगी इस हवन में है।

# ईद पर हुआ सर्वधर्म के लोगों का आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बेग के निवास पर कल सर्वधर्म के लोगों के लिए ईद के मौके पर मिलन का आयोजन किया। निवास पर अलग-अलग समाज के लोग ईद की बधाई देने पहुंचे। इस दौरान मुकेश बजाज, यूनुस खान, फैजान बेग, समीर बेग, राजू पठान, सतीश शर्मा, रियाज खान आदि मौजूद रहे।

# यूनियन बैंक रिटायरीज़ का होली- मिलन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रिटायरीज़ द्वारा होली-मिलन समारोह का आयोजन हिंदी साहित्य समिति हॉल में आयोजित हुआ। इन्दौर के अलावा आठ शहरों से भी यूनियन बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी परिवार के साथ शामिल हुए। डॉ. सजल चंदा, सुनील खोत, अविनाश जाखेड़कर, राजेंद्र चौधरी, विजय ओरा ने गीतों से समा बांध दिया। पुष्प-पंखुरियों से पर्यावरण हितैशी होली खेली गई। आयोजन में 87 वर्षीय एस के निगम एवं भूतपूर्व उप-महाप्रबंधक अजीत मराठे को सम्मानित किया। एसोसिएशन सदस्यों के परिजनों ने भी प्रस्तुतियां दीं और क्विज के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संचालन राधेश्याम गुप्ता ने किया।



## शहरकाजी को दी बधाई

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सत्य शोधक समाज के पदाधिकारियों द्वारा शहरकाजी डॉ. इशरत अली से मुलाकात कर ईद की मुबारकबाद दी। सदाशिव यादव काका, दीपक मलोरिया रानू, हुकमचंद जादम सैनी मौजूद थे।

## गौरैया–वन–जल उत्सव का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रकृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मालवमंथन द्वारा आयोजित 'गौरैया–वन–जल उत्सव' का आयोजन मानव सेवा ट्रस्ट, रेवती रेंज, भवरासला,में संपन्न हुआ। डॉ. स्वप्निल व्यास, द्वारका मालवीय,शुभम शर्मा, केशव जोशी, जितेन्द्र जोशी ने अपनी भूमिका निभाई।



# महापौर से मिले निमंत्रण के लिए कोली-कोरी समाजजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ एवं कोरी/कोरी समाज का प्रतिनिधिमंडल महापौर पुष्यमित्र भार्गव से महापौर सचिवालय में मिला। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली ने बताया कि वीरांगना झलकारी बाई चौराहा, अन्नपूर्णा रोड़ पर आयोजित 'वीरांगना झलकारी अलंकरण समारोह' का आयोजन 5 अप्रैल को किया जाना है जिसके अतिथि के रूप में महापौर पुष्यमित्र भार्गव को निमंत्रण दिया गया। इस समारोह में पांच उत्कृष्ट समाजसेवी महिलाओं को झलकारी अलंकरण से अलंकृत किया जाएगा। चौराहे का नामकरण और प्रतिमा स्थापना क़ो लेकर चर्चा भी की और मांग भी रखी। महापौर को याद दिलाया कि महापौर द्वारा 17 अगस्त को झलकारी देवी चौराहा की घोषणा उनके द्वारा की गई थी, लेकिन अभी तक दशहरा मैदान चौराहे पर कोई बोर्ड भी नहीं लगा है। कैलाश चौधरी, दिनेश वर्मा, अशोक वर्मा, देवीप्रसाद वर्मा, नवीन चौधरी, रमेश चिरगैया सहित अन्य मौजूद थे।

## शतचंडी महायज्ञ में एक लाख से अधिक आहुतियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



विद्याधाम मंदिर में नवरात्रि महोत्सव के अन्तर्गत सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ ललिता सहस्त्रार्चन से 21 विद्वानों द्वारा किया जा रहा है। कल भी 21 युगल यजमान ने आहुतियां दीं। सुबह और दोपहर दोनों समय आहुतियां दी जा रही हैं। अब तक 1 लाख से अधिक आहुतियां अर्पण की जा चुकी है।

## श्री अजीतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक कल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 1008 श्री अजीतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव अजीतनाथ त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर मॉडर्न सिटी में कल सुबह 7 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। अभिषेक, शांतिधारा, विधान के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाए जाएंगे।

## जैन समाजजन रहेंगे ओलीजी की आराधना में मौजूद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर गुमाश्ता नगर में 25 मार्च से ओलीजी की आराधना प्रारंभ होगी। ट्रस्टी सुधीर सेठिया ने बताया कि साध्वी की निश्रा में 9 दिनों तक आयोजन चलेगा। सुरेन्द्र छाजेड, सुधीर सेठिया, अभय कटारिया, प्रवीण जैन, रोहित जैन आयोजन से जुडे है।

## संगीत कार्यक्रम 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्टार फेन क्लब द्वारा संगीत कार्यक्रम ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, का आयोजन 27 मार्च को शाम 6.30 से प्रीतमलाल दुआ सभागृह में किया जाएगा। कई कलाकार सिंगल और युगल प्रस्तुतियां देंगे।

# ईद पर चला मुबारकबाद का दौर



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। चंदन नगर और नूरानी नगर क्षेत्र के मुस्लिम समाजजनों ने कल ईद पर मिलन के दौरान एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। स्क्रैप व्यापारी ने भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन और निगम द्वारा अच्छी व्यवस्था करने पर धन्यवाद भी दिया है। जरूरतमंदों को सिवइयों का वितरण भी किया गया।

## यारों के यार...



## ईद की मुबारकबाद दी

मोती तबेला में अजहर खान, परवेज खान (भूरा), जुबेर खान ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

# लैदर नहीं, कपड़े के झोले में रखकर नगर निगम का बजट 28 मार्च को होगा पेश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नगर निगम का बजट बनाकर तैयार है और 28 मार्च को नगर निगम सभागृह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव निगम बजट 2026 - -2027 को पेश करेंगे। हर बार की तरह इस बार भी डिजिटल रूप से बजट पेश किया जाएगा, सभी पार्षदों को बजट की डिजिटल कॉपी दी जाएगी। हर बार की तरह महापौर पुष्यमित्र भार्गव डिजिटल बजट को लैपटॉप में लेकर अपने घर से निकलते थे। यह लैपटॉप एक लैदर के बैग में रखा रहता था, लेकिन इस बार इसमें परिवर्तन किया जा रहा है और महापौर पुष्यमित्र भार्गव अपने घर से ई- बजट के लैपटॉप को कपड़े के झोले में लेकर निकलेंगे। सभी को कपड़े के झूले में ई बजट की पेनड्राइव रख दी जाएगी, हालांकि सीधे बजट की कॉपी व्हाट्सएप पर भेजी जा रही है लेकिन पढ़ने की सुविधा और समझने के लिए सभागृह में लैपटॉप सभी की टेबल पर रखे जाएंगे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि नगर निगम का बजट इस वर्ष जल सुरक्षा पर केंद्रित किया गया है। सबसे अधिक प्रयास पानी को शुद्ध, सुरक्षित और सहेजने के लिए नगर निगम काम करेगा। साथ ही इस वर्ष सभी नगर निगम झोन कार्यालय या फिर नगर निगम मुख्यालय में एक बड़ी पानी टेस्टिंग के लिए बनाई जाएगी।।

**7000 करोड़ से अधिक का अनुमानित बजट पेश करने की उम्मीद**

इसके अलावा शहर का आधारभूत ढांचा मजबूत हो इसके लिए सड़कों की मरम्मत पर बजट को केंद्रित किया गया है जितनी सड़के शहर में बनाई जा रही है उन्हें पुनः एक साल के भीतर बनाने का काम अभियान चला कर किया जाएगा। बारिश के पहले इस बार सभी सड़क सुधर जाए और लोगों को परेशानी नहीं हो इसके प्रयास तेज किया जा रहे हैं, बजट में भी इसके लिए प्रावधान किया गया है।

शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन बेल्ट एवं डिवाइड पर 3 लाख पौधे इस बार बारिश में लगाए जाएंगे इसके अलावा इंदौर विकास प्राधिकरण की अलग-अलग स्कीमों में खाली पड़ी जमीनों पर नगर निगम और प्राधिकरण मिलकर हरियाली बढ़ाने पर काम करेगा। नए पार्क विकसित करने के लिए हर वार्ड में जमीन की तलाश की जाएगी साथ ही रीजनल पार्क जैसे नए पार्क बनाने पर भी काम किया जाएगा।

29 गांव की जमीनों में नगर निगम मार्केट डेवलप करने की योजना पर तेजी से काम कर रहा है। जमीनों की तलाश के लिए नगर निगम जोन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कंसल्टेंट के माध्यम से ऐसी योजना बनाने पर विचार किया जा रहा है जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो और नए मार्केट विकसित किया जा सके।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नगर निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए लगातार नए संसाधन खोज रहा है वसूली के लिए अमला बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है सही समय पर टैक्स की वसूली की जाए और छोटे बकायादारों से वसूली हो तो नगर निगम को अच्छा राजस्व प्राप्त हो सकता है इस पर विचार किया जा रहा है।

नगर निगम शहर में जल सुरक्षा के लिए नर्मदा का चौथा चरण लाने के लिए काम शुरू कर चुका है। बजट में इसके लिए बड़ी राशि का प्रावधान किया जा रहा है। इस योजना को पूरा करने के लिए तीन साल का समय लगेगा। हर साल खर्च होने वाली राशि में कमी नहीं है, साथ ही केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि के अलावा नगर निगम को जो अनुदान देना है उसकी व्यवस्था बजट में की गई है।

स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार नवाचार किया जा रहे हैं। इस वर्ष शहर के सुलभ शौचालय को और अधिक साफ स्वच्छ बनाए रखने के लिए इनके मेंटेनेंस पर जोर दिया जा रहा है इसके लिए यूजर चार्ज में परिवर्तन होगा। नए शौचालय बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाने, नए ट्रंचिंग ग्राउंड के लिए जमीन तलाशी जा रही है। इंदौर नगर निगम की सीमा से सटे गांव में भी सफाई का सेटअप इंदौर मॉडल पर तैयार होगा। जिस तरह से नगर निगम द्वारा देपालपुर को स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं इस तरह से इन गांवों को भी स्वच्छ बनाया जाएगा।

जल गंगा संवर्धन के अभियान के तहत नगर निगम शहर के सभी तालाबों का सौंदर्य करण कर यहां की सुरक्षा बढ़ाएगा, अतिक्रमण होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। जिन स्थानों पर अतिक्रमण है वहां अतिक्रमण हटाकर हरियाली विकसित करेंगे। नदियों से अतिक्रमण हटाने पर काम किया जाएगा। इस वर्ष शिवाजी मार्केट प्रोजेक्ट पूरा कर यहां रिवर फ्रंट का विकास होगा।

## मिल क्षेत्र में नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले नई लायब्रेरी की मिलेगी सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत मालवा मिल क्षेत्र में आने वाले दिनों में नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले क्षेत्र के हजारों छात्र - छात्राओं के लिए आधुनिक सुविधाओं वाली नई लाइब्रेरी की बेहद जल्द सौगात मिलने वाली है। वही खास बात यह है कि वर्तमान में निगम द्वारा लगभग 75 लाख से ज्यादा की लागत से क्षेत्र की पंचम की फेल, गोमा की फेल, अमर टेकरी, लाल बंगला क्षेत्र, लाला का बगीचा, दुबे का बगीचा सहित मिल क्षेत्र की अन्य बस्तियों के जरूरतमंद मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र-छात्राओं के लिए अपने घर के नजदीक आधुनिक शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों की किताबों के साथ धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषय की किताबों को आराम से एयरकंडीशनर लायब्रेरी में पढ़ने की सौगात आने वाले दिनों में छात्रों को मिलने वाली है।



**दो मंजिला इमारत बनकर तैयार,अब शुरू होंगे फिनिसिंग वर्क -** नवीन लायब्रेरी के लिए वर्तमान में दो मंजिला इमारत बनकर तैयार हो रही है। जिसका निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। इसके बाद फिनिसिंग वर्क के तहत साज-सजावट के काम शुरू होंगे। जो अगले दो ढाई माह बाद शुरू होने वाले नवीन शिक्षा सत्र के पहले पूरे कर जल्द यहां के लोगों को पहली बार नई लाइब्रेरी की सौगात देने की तैयारी है। जिसका फायदा यह होगा कि इस क्षेत्र के जरूरतमंद छात्रों को पैसा खर्च करके घर से दूर पैसा देकर निजी लाइब्रेरी में जाकर पढ़ाई ना करना पड़ेगी। वहीं इसके लिए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के प्रयासों से निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर क्षेत्र के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को भविष्य की पढ़ाई के लिए मिल क्षेत्र में एक छत के नीचे आधुनिक सुविधाओं वाली लाइब्रेरी की सौगात देने की तैयारी अब अंतिम दौर में है।

पहाड़ियां ने बताया मिल क्षेत्र की एक मात्र आधुनिक लायब्रेरी में छात्रों को लगभग 50 हजार से ज्यादा किताबें एक छत के नीचे पढ़ने के लिए मिलेगी। उसके अलावा जो किताबें यहां उपलब्ध नहीं होगी वह किताबें भी छात्र कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन मंगा कर भी यहां आसानी से पढ़ सकेंगे।

## छोटा नेहरू स्टेडियम में खिलाड़ियों को मिलेगी खुले शेड की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नगर निगम द्वारा आने वाले दिनों में छोटा नेहरू स्टेडियम में कुश्ती - अखाड़े के लिए प्रेक्टिस करने वाले पहलवानों के लिए खुले शेड की सौगात देने की तैयारी है। जिसके लिए निगम सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया द्वारा छोटा नेहरू स्टेडियम कुश्ती और अखाड़े की प्रेक्टिस करने वाले पहलवानों और खिलाड़ियों की मांग पर खाली जगह पर खुले ओपन शेड के निर्माण की सौगात देने की तैयारी है ताकि नेहरू स्टेडियम में आने वाले पहलवान और खिलाड़ी अपनी कुश्ती और अखाड़े की प्रैक्टिस ओपन शेड के नीचे आराम से कर सकेंगे।



**निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की खिलाड़ियों को है उम्मीद-**जिसके लिए निर्माण संबंधित निविदा प्रक्रिया को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि अगले माह टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद छोटा नेहरू स्टेडियम में कुश्ती अखाड़े के लिए ओपन शेड का निर्माण जल्द से जल्द निगम द्वारा शुरू किया जाएगा। जिसका स्टेडियम में प्रेक्टिस करने आने वाले सभी पहलवान और खिलाड़ियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। जिसको लेकर छोटा नेहरू खिलाड़ी और पहलवान पहाड़िया और निगम से लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। जिसको लेकर पिछले दिनों मंजूरी मिलने के बाद अब जल्द इसके निर्माण का कार्य शुरू होने की खिलाडियों को उम्मीद है।

## धार के तिरला में गणगौर पर्व

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** धार जिले के तिरला ग्राम में गणगौर पर्व मनाया गया। गणगौर माता का पूजन भी किया गया, दोहे भी गाये गए। महिलाओं के अलग-अलग समूह गणगौर माता के जयकारों के साथ कल शाम तिरला के प्रमुख मार्ग से स्कूल ग्राउंड पहुंची जहां कार्यक्रम आयोजित किए गए। आइस्क्रीम कुल्फी का वितरण भी किया गया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां माँ गणगौर की भक्ति में मौजूद रही। माता पार्वती के साथ भगवान भोलेनाथ को भी इसर-गौरा के रूप में याद किया, पूजन भी हुआ।



## धार के राठौड़ भाजपा पिछड़ा वर्ग में महामंत्री

### महिला मोर्चा की इकाई में नहीं मिली धार-खरगोन की नेत्रियों को जगह

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा पवन पाटीदार ने की इसमें धार जिले के बदनावर से भाजपा नेता नरेन्द्र राठौड़ को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का महामंत्री बनाकर जिम्मेदारी दी गई। इस घोषणा के बाद राठौड़ समर्थकों ने जश्न मनाया और बधाइयां भी दी गई। राठौड़ समाजजनों ने भी भाजपा नेतृत्व का आभार माना। इधर कल महिला मोर्चा ने भी अपनी प्रदेश इकाई की घोषणा की, जिसमें प्रदेश भर से 38 पदाधिकारी बनाए गए, इंदौर से तीन भाजपा नेत्री पदाधिकारी बनी, लेकिन धार जिले से एक भी भाजपा नेत्री को पद में जगह नहीं मिली। यही स्थिति महिला मोर्चा में खरगोन की रही।



## अगले माह निगम शुरू करेगा क्षेत्र में लाइने जोड़ने और बिछाने का काम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मार्च माह से गर्मी का एहसास होने लगा है लगातार बढ़ रही गर्मी के बाद निगम ने भी आने वाले दिनों में कई वार्ड से जुड़ी कालोनियों और क्षेत्रों में जल संकट दूर करने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने और जोड़ने का काम शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत झोन क्रमांक 9 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत पंचम की फेल गोमा की फेल आदि स्थानों पर 110 ,160 और 315 एमएम व्यास की एचडीपी पाइपलाइन बिछाने जोड़ने और परीक्षण करने का काम चालू करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत अगले माह टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही क्षेत्र में निगम द्वारा नई पाइप लाइन जोड़ने और बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। ताकि क्षेत्र के लोगों को गर्मी के दिनों में होने वाले पानी के संकट से जल्द से जल्द निजात मिलेगी।



## संपादकीय

# कंपनियों और निजी अस्पतालों के गठजोड़ में फंसता आम आदमी का भरोसा

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। यह विडंबना ही है कि जिस भरोसे की वजह से कोई व्यक्ति बीमारी का इलाज कराने किसी निजी अस्पताल में जाता है, वह उसके लिए एक नई परेशानी की वजह बन जाता है। भविष्य में इलाज का खर्च उठाने की राह आसान बनाने का भरोसा देकर बीमा कंपनियां लोगों को अपनी योजनाओं का हिस्सा बनने के लिए तो तैयार कर लेती हैं, लेकिन जब इलाज पर हुए खर्च की भरपाई करने का वक्त आता है, तो उसमें कई तरह की अड़चन पेश कर दी जाती है या कई बार मना भी कर दिया जाता है। निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच मिलीभगत के सहारे चल रही इस गड़बड़ी के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, लेकिन अब तक इस तरह के घोटालों पर रोक को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस सक्रियता नहीं देखी गई है। हाल ही में यह मसला संसद में उठाया गया, जिसमें सरकार से स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। अक्सर ऐसे मामले देखे जाते हैं, जिसमें अस्पताल में मरीज की मौत हो जाती है और नियमों का हवाला देकर या अलग-अलग कारण बता कर बीमा कंपनी दावे को खारिज कर देती है। इलाज के दौरान अस्पताल में किसी मरीज की मौत हो जाती है, तो कई बार खर्च चुकाने में असमर्थ होने पर अस्पताल शव देने तक से इनकार कर देता है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन किस तकलीफ से गुजरते होंगे। सवाल है कि बीमा कराने के लिए लोगों को आकर्षित करने के कारोबार को इजाजत देने वाले संबंधित सरकारी महकमे इस तरह की मनमानियों के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं। इसी मसले पर एक अन्य राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि कंपनियां हर साल करोड़ों रुपए का प्रीमियम तो इकट्ठा करती हैं, लेकिन जब इलाज के बाद मरीज या उसके परिजन खर्च के भुगतान के लिए संपर्क करते हैं, तो वे अलग-अलग तकनीकी कारणों का हवाला देकर रकम का एक बड़ा हिस्सा काट लेती हैं। असल में कंपनियां जब लोगों को बीमा कराने का भरोसा दे रही होती हैं, तब नियम-शर्तों को बताने के मामले में स्पष्टता और पारदर्शिता नहीं बरती जाती। दूसरी ओर, ज्यादातर लोग अस्पष्ट और जटिल स्वरूप में दर्ज नियमों के मामले को कंपनी के भरोसे पर छोड़ देते हैं। बाद में कंपनियां लोगों के इसी भरोसे का फायदा उठा कर नियमों को आधार बनाती हैं। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आइआरडीए) के 2024 के आंकड़े के मुताबिक, एक ही वर्ष में करीब छब्बीस हजार करोड़ रुपए के बीमा दावे खारिज हुए। किसी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज पर आए खर्च के मुकाबले काफी कम रकम का भुगतान करने के मामले आम रहे हैं। इस बात की पड़ताल की जानी चाहिए कि क्या बड़े निजी अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कोई सांठगांठ है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को बीमा कराने के लिए तैयार करने से लेकर इलाज कराने के लिए अस्पताल का चुनाव करने, खर्च के भुगतान के दावे पर निर्णय लेने का कोई संजाल काम करता है। इस तरह के गठजोड़ की जांच कर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और शिकायतों से निपटने लिए एक राष्ट्रीय मानक बनाने की जरूरत है, ताकि मरीजों के भरोसे और उनकी सेहत का सौदा न किया जा सके।

# एमपी में ग्रुप-5 भर्ती प्रक्रिया में आवेदन प्रक्रिया हो गई शुरू

### स्वास्थ्य सेवाओं के 373 पदों पर होगी भर्ती,15 अप्रैल से होगी परीक्षा, फिर होगा चयन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य समकक्ष पदों के लिए ग्रुप-5 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश के अलग-अलग सरकारी मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों और विभागीय संस्थानों में कुल 373 रिक्त पद भरे जाएंगे। यही नहीं भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी 16 मार्च से शुरू हो गई है। इच्छुक उम्मीदवार 30 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 4 अप्रैल तय की गई है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 15 अप्रैल 2026 से शुरू होगी।

वहीं बड़ी बात यह है कि परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद अंतिम चयन सूची जारी कर संबंधित विभागों में नियुक्ति दी जाएगी। इस भर्ती के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी और सहायक स्टाफ की कमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

#### स्वास्थ्य सेवाओं में विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

ग्रुप-5 संयुक्त भर्ती परीक्षा के माध्यम से प्रदेश के कई शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों और विभागों में रिक्त पद भरे जाएंगे। इन पदों में स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब अटेंडेंट, डेंटल टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, डायलिसिस टेक्नीशियन, निश्चेतना टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन, टेक्निकल असिस्टेंट सहित कई पैरामेडिकल और तकनीकी पद शामिल हैं। इन पदों पर भर्ती से सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

#### आवेदन प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तिथियां

आवेदन प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू हो गई है जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च 2026 रखी गई है।वहीं आवेदन संशोधन की अंतिम तिथि 4 अप्रैल तय की गई है। जबकि परीक्षा 15 अप्रैल 2026 से शुरू होगी।

#### परीक्षा के लिए ऐसा होगा पैटर्न

ग्रुप-5 भर्ती परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित होगी। परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी और प्रश्नपत्र दो भागों में रहेगा। जिसके तहत सामान्य विषय - 25 अंक, सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी,गणित, सामान्य विज्ञान,सामान्य अभिरुचि तकनीकी विषय - 75 अंक

#### संबंधित पद से जुड़े तकनीकी ज्ञान पर आधारित प्रश्न

परिणाम तैयार करने के लिए (एनईपी) स्केलिंग पद्धति से नॉर्मलाइजेशन किया जाएगा,ताकि अलग-अलग शिफ्ट में प्रश्नपत्र के कठिनाई स्तर का संतुलन किया जा सके।

#### ऐसे होगी चयन प्रक्रिया

ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को आगे की प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से दस्तावेज सत्यापन, शैक्षणिक योग्यता की जांच एवं विभागीय नियमों के अनुसार अंतिम चयन सूची का प्रकाशन होगा।

#### योग्यता से जुड़े नियम

अधिकांश पैरामेडिकल पदों के लिए उम्मीदवार के पास 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी विषय होना अनिवार्य है। इसके साथ संबंधित क्षेत्र में डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाणपत्र भी जरूरी होगा। कुछ पदों के लिए संबंधित परिषद में पंजीयन अनिवार्य है। उदाहरण के तौर पर फार्मासिस्ट पद के लिए फार्मेसी में डिग्री या डिप्लोमा के साथ मध्यप्रदेश फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन आवश्यक होगा।

#### वर्गवार पदों का विवरण

अनारक्षित - 139
ईडब्ल्यूएस - 34
अनुसूचित जाति - 39
अनुसूचित जनजाति - 69
अन्य पिछड़ा वर्ग - 92

# एलपीजी तथा पीएनजी समस्याओं पर बैठक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कार्यकारी संचालक एम.पी.आई.डी.सी. क्षेत्रीय कार्यालय के हिमांशु प्रजापति द्वारा निर्यात भवन एसईजेड फेज-2, पीथमपुर जिला-धार में पीथमपुर एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों के उद्योगपतियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 70 से अधिक उद्योगपतियों के साथ ही विभिन्न उद्योगों में कैंटीन संचालन करने वाले सेवा प्रदाता भी शामिल हुये। बैठक का मुख्य उद्देश्य पीथमपुर क्षेत्र में एलपीजी एवं पाइप्ड नेचुरल गैस से संबंधित चल रही समस्याओं पर चर्चा करना रहा। उद्योगपतियों द्वारा प्रमुख रूप से यह मुद्दा उठाया गया कि इन-हाउस कैंटीन संचालन हेतु एलपीजी की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे संचालन प्रभावित हो रहा है। यही समस्या कैंटीन सेवा प्रदाताओं द्वारा भी व्यक्त की गई।

# बाजार में समय से पहले फलों के राजा 'आम' ने दी दस्तक

**इंदौर।** मार्च माह में जिस तरह से इस बार समय से पहले गर्मी की शुरुआत हो गई है। उसी तरह से इस साल फलों के राजा आम ने भी समय से पहले अपनी दस्तक देकर बाजार में अपनी इंट्री मार ली है। यही नहीं वर्तमान में चोइथराम फल सब्जी मंडी में पिछले कुछ समय से फिलहाल बादाम, लाल पट्टा सहित चुनिंदा वैरायटी के साथ फलों के राजा आम की बमुश्किल एक दो गाड़ी की ही अभी आवक हो रही है। कहा जा रहा है कि अभी शुरुआती दौर में बादाम और लाल पट्टा की एक दो गाड़ियां ही बमुश्किल साउथ जोन से हो रही है। यही नहीं अभी भाव भी दो सौ से ढाई सौ रुपए किलो के आसपास बताए जा रहे।

**केरल साइड से आने वाले आम की अभी धीमी शुरुआत : अगले माह महाराष्ट्र-गुजरात से भी होने लगेगी आवक–** व्यापारियों के मुताबिक अभी बादाम और लाल पट्टा सहित चुनिंदा आम की वैरायटी की भी मंडी में इक्का-दुक्का गाड़ियां ही आ रही है। वहीं थोक व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में अगले माह से महाराष्ट्र और गुजरात सहित अन्य राज्यों से आम की गाड़ियों की आवक और वैरायटी बढ़ने की उम्मीद है। इसके बाद भाव में भी कमी आ सकती है। हालांकि अभी शुरुआती आवक में महंगे दाम के कारण वर्तमान में आम की ज्यादा पूछ परख नहीं है। यही नहीं स्वाद में भी दम नहीं है। लोगों का कहना है कि अभी आने वाले आम खट्टे भी है और ना ज्यादा पके हुए है। ऐसे में जल्दबाजी में क्वालिटी में दम नहीं होने और महंगे होने से अभी इतनी डिमांड भी नहीं है और फिलहाल आम की पहुंच आम आदमी से दूर है।

# एमपीईबी की लापरवाही से गर्मी में वाल्टेज बढ़ने से औद्योगिक क्षेत्र की डीपियों में लगातार हो रहे फॉल्ट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पालदा औद्योगिक क्षेत्र में इन दिनों एमपीईबी बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की अनदेखी और लापरवाही से क्षेत्र में लगातार वोल्टेज बढ़ने से डीपीओ में फाल्ट हो रहे हैं। यही नहीं अचानक से वोल्टेज बढ़ने और घटने से औद्योगिक क्षेत्र की दाल मिलें, कारखाने, फैक्ट्रियों की मशीनरियों में लगातार नुकसानी हो रही है। क्षेत्र के उद्योगपति और व्यापारियों का कहना है कि अचानक वाल्टेज बढ़ने से कुछ दिनों से मशीनरी कई महंगे पार्ट्स उड़ रहे हैं। यही नहीं ऑफिस और फैक्ट्रीयों में लगे पंखे, कूलर और एसी जैसे महंगे उपकरण भी उड़ रहे है। इसके अलावा मशीनरियों में नुकसानी से प्रोडक्शन का भी नुकसान हो रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र के व्यापारियों में एमपीईबी के खिलाफ नाराजगी है।

**डीपियों पर स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी हो रहें फॉल्ट-** क्षेत्र के व्यापारियों का साफ कहना है कि जब पिछले दिनों क्षेत्र की ज्यादातर डीपी पर स्मार्ट मीटर लग जाने के बावजूद ऐसे हालात क्यों बन रहें है। जबकि तब अफसरों द्वारा दावा किया जा रहा था कि डीपी पर मीटर लगने के बाद वोल्टेज बढ़ने और लोड बढ़ने की स्थिति में फॉल्ट को ढूंढने और रोकने में बड़ा फायदा मिलेगा। साथ ही लोड बढ़ने के बाद भी फाल्ट में कमी आएगी। लेकिन अफसरों के दावों के बावजूद वर्तमान में पिछले कुछ दिनों से औद्योगिक क्षेत्र के मंगल उद्योग नगर, अग्रवाल उद्योग नगर, प्रभु टोल कांटा के पीछे वाले एरिया, अभिलाषा नगर सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्र में गर्मी में डीपी पर लगातार वोल्टेज और लोड बढ़ने से अघोषित कटौती भी हो रही है। जिसका सीधा असर फैक्ट्रियों और कारखानों के साथ दाल मिलों पर भी पड़ रहा है।

**क्षेत्र की फैक्ट्रियों और कारखानों में दिन-रात चलता है प्रोडक्शन का काम-** गौरतलब है कि औद्योगिक क्षेत्र में कई बड़ी दाल मिलें है,इसके अलावा चॉकलेट और खान-पान के निर्माण की अन्य वस्तुओं की फैक्ट्रियां है, जो दिन रात चलती है। ऐसे में क्षेत्र के पावर हाउस जोन सहित सम्पूर्ण बिजली विभाग की यहां बिना बाधा निर्बाध रूप से 24 घंटे बिजली देने की जिम्मेदारी है। लेकिन हालत यह है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार क्षेत्र में मांग बढ़ गई है और इधर वोल्टेज बढ़ने से डीपी में फाल्ट हो रहे है। वहीं इसका असर क्षेत्र की फैक्ट्री और कारखानों पर पड़ रहा है। जिससे उपकरण उड़ने और मशीनों में खराबी से नुकसानी तो हो ही रही है साथ ही प्रोडक्शन पर भी इसका असर हो रहा है। बिजली जाने से दोबारा चालू करने और प्रोडक्शन शुरू करने की प्रक्रिया में भी देरी लगती है जिसका सीधा असर फैक्ट्री के प्रोडक्शन और गुणवत्ता पर भी पड़ रहा है। जिसकी शिकायत अब यहां के व्यापारी पोलो ग्राउंड स्थित वरिष्ठ अधिकारियों को करेंगे।

# इन विदेशी खिलाड़ियों पर पूर्व क्रिकेटर का भड़का गुस्सा

## फिट होने के बाद भी नहीं खेल रहे आईपीएल

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के चार खिलाड़ियों को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार तेज गेंदबाज आईपीएल 19 के शुरुआती मैचों में उपलब्ध नहीं होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आगामी कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए अपने तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन कर रहा है। हालांकि भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज को पूरी तरह फिट होने के बावजूद आईपीएल के लिए मंजूरी ना देने के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के फैसले पर सवाल उठाए हैं।

मिचेल स्टार्क आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले थे। हालांकि वर्कलोड मैनेज करने की वजह से वह शुरुआती मैचों में नहीं खेलेंगे। हालांकि वह दो महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2026 से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की उपलब्धता को लेकर अपनी उलझन और नाराजगी जाहिर की है।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड आईपीएल की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए काफी संभलकर अपने तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेले हैं।

आकाश चोपड़ा ने कहा, अगर मिचेल स्टार्क भी शुरुआत में नहीं आ रहे हैं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया क्या कर रहा है? आप जोश हेजलवुड को नहीं आने दे रहे, पैट कमिंस नहीं आ रहे और आपने मिचेल स्टार्क को भी रोक लिया है, हालांकि वह पूरी तरह फिट हैं। उन्होंने टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया है। आखिरी उन्होंने पिछले दो महीने में क्या किया?

पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, उन्होंने एशेज के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन इसके बावजूद आपने उसे आराम दिया है क्योंकि एक बड़ा टेस्ट सीजन आ रहा है। जिसमें भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच हैं। वो भी अगले आईपीएल से पहले। तो अभी क्यों कर रहे हो।? पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने सुझाव दिया कि अगर फिट खिलाड़ी भी सावधानी के तौर पर आईपीएल मैच मिस करने लगे, तो फ्रेंचाइजी को अपना रुख बदलना पड़ सकता है। आकाश चोपड़ा ने कहा, मैं लॉकी फर्ग्यूसन के बारे में सोच रहा हूं और यह एक गंभीर मामला है। मुझे नहीं पता कि उन्हें कोई चोट है या नहीं, लेकिन जो कुछ मैंने पढ़ा है, उसके आधार पर वह सात मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वह कह रहे हैं कि वह परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहते हैं।

# मानव व यशस्विनी नेशनल टेटे चैंपियन




इंदौर। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी 87वीं सीनीयर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा में पुरुष एकल वर्ग में खेले गये अंतिम संघर्षपूर्ण रोमांचक मुकाबले में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के मानव ठक्कर ने व महिला एकल वर्ग में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की ही यशस्विनी घोरपडे ने राष्ट्रीय विजेता होने का गौरव हासिल किया। वही मिश्रित युगल वर्ग का खिताब बंगाल के अंकुर भट्टाचार्जी व हरियाणा की सुहाना सेनी ने जीता।

अभय प्रशाल में खेली गई राष्ट्रीय स्पर्धा के पुरुष एकल वर्ग में खेले गये अंतिम मुकाबले में पीएसपीबी के मानव ठक्कर ने आरएसपीबी के जीत चंद्रा को 11-3, 11-8, 6-11, 11-9, 11-3 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। महिला एकल वर्ग के संघषपूर्ण खिताबी मुकाबले में पीएसपीबी की यषस्विनी घोरपडे ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पीएसपीबी की सिन्ड्रेला दास को 11-6, 12-14, 11-5, 9-11, 13-11, 6-11, 11-8 से परास्त कर राष्ट्रीय खिताब अर्जित किया।

मिश्रित युगल वर्ग का खिताब बंगाल के अंकुर भट्टाचार्जी व हरियाणा की सुहाना सेनी ने बंगाल की जोडी अंकित बोस व संप्रित रॉय को 11-9, 11-7, 9-11, 13-15, 12-10 से परास्त कर जीता।

स्पर्धा का पुरस्कार वितरण मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्पर्धा निदेशक जयेश आचार्य, स्टेग ग्लोबल के डायरेक्टर अर्जुन कोहली, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, मेसीमों कोस्टेंटीनी, नीलेश वेद, गौरव पटेल, अमित कोटिया, नरेन्द्र शर्मा की विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वर्ष के श्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का डीविश्व अवार्ड महाराष्ट्र की दिव्यांशी भौमिक को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र सिंह चौहान ने किया व आभार शिरीष भागवत ने किया।

# कुश्ती कोच गौरव आर्य का चयन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश से एक मात्र कुश्ती कोच गौरव आर्य का चयन भारतीय कुश्ती संघ ने किया है, देशभर से 25 कोचों का चयन हुआ। गौरव नजफगढ़ स्टेडियम देहली में परीक्षा में भाग ले रहे हैं।



# औद्योगिक क्षेत्र में महिनेभर से नहीं आ रही कचरा गाड़ी, उद्योगपति परेशान

## शिकायत के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई, लंबे समय से पार्षद की भी अनदेखी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** राऊ विधानसभा के वार्ड 75 से जुड़ी कई गलियों में करीब महिनेभर से कचरा गाड़ी नहीं आ रही है। जिसको लेकर इस क्षेत्र के व्यापारियों ने नगर निगम में शिकायत कर दी फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यही नहीं लोगों का कहना है कि क्षेत्र के पार्षद कुणाल सोलंकी को शिकायत करने जाओ तो पार्षद लोगों के फोन तक नहीं उठाते और न यहां कभी क्षेत्र की समस्या जानने और देखने आते है। इसको लेकर व्यापारियों में जमकर नाराजगी है।

औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों का साफ कहना है कि मंगल उद्योग नगर मामाजी तौल कांटे वाली गली, प्रार्थना तौल कांटे वाली गली सहित कई जगह मुख्य सड़क के हालात लंबे समय से खराब है। यही नहीं आधी से ज्यादा सड़क उखड़ चुकी है। पिछले कई दिनों से यहां कचरा गाड़ी नहीं आ रही है। जिसके कारण व्यापारियों की फैक्ट्रियों और कारखानों में कचरे के ढेर लगे है।




## अफसरों का लाइट लगाने का दावा भी हवा-हवाई

*महापौर के साथ पिछले साल दौरे पर आए निगम अफसरों द्वारा क्षेत्र के व्यापारियों और उद्योगपतियों की मांग पर उद्योग नगर क्षेत्र की आधा दर्जन से भी ज्यादा गालियों में लाइटिंग नहीं होने से अंधेरे में दुर्घटना और अनहोनी होने से लेकर चोरी लूटपाट सहित अन्य घटनाएं होने की आशंका के चलते लाइटिंग लगवाने की मांग की गई थी। उस दौरान निगम अधिकारियों ने महापौर और तत्कालीन निगमायुक्त के समक्ष जल्द समस्याओं का समाधान करने का दावा किया गया था। मुख्य रूप से गलियों में लाइटिंग लगाने से लेकर आधी अधूरी सड़कों के निर्माण और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जल्द निराकरण का दावा किया गया था। लेकिन हालात यह है कि ना अब तक औद्योगिक क्षेत्र की गलियों का अंधेरा दूर हुआ है, और ना सड़कों का पेचवर्क हुआ है। इसके कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। वही पिछले कुछ समय से यहां कचरा गाड़ी नहीं आने से भी लोगों को दिक्कतें हो रही है।*

# फूटी कोठी चौराहा की सर्विस रोड के निर्माण में 7 करोड़ खर्च होंगे

## निगम ने 1 साल में निर्माण को पूरा करने का रखा लक्ष्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर नगर निगम के द्वारा फूटी कोठी चौराहा पर सर्विस रोड का निर्माण करवाने का फैसला लिया गया है। इस कार्य पर 7 करोड रुपए खर्च होंगे। इस कार्य को करने में 1 साल का वक्त लगेगा।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि फूटीकोठी चौराहा पर इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण किया गया था। बाद में इस फ्लाईओवर ब्रिज का नामकरण संत श्री सेवालाल ब्रिज के रूप में किया गया था। इस ब्रिज का निर्माण करने के दौरान प्राधिकरण के द्वारा रिंग रोड की सर्विस रोड को इस क्षेत्र में खराब कर दिया गया था। इस सर्विस रोड पर जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं और वाहनों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा प्राधिकरण से इस सर्विस रोड को सही करने की मांग की गई थी। प्राधिकरण के द्वारा इस सर्विस रोड को स्वयं बना कर देने के बजाय नगर निगम को कह दिया गया कि आप सर्विस रोड का नया निर्माण कर लीजिए उस कार्य पर होने वाला खर्च हम दे देंगे। इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा इस सर्विस रोड का नवनिर्माण करने के लिए योजना तैयार की गई। इस योजना के अनुसार इस कार्य पर 7 करोड रुपए की राशि खर्च होना है। खर्च का आकलन होने के बाद नगर निगम के द्वारा प्राधिकरण से इस राशि की मांग की गई। प्राधिकरण ने हाथों-हाथ नगर निगम को यह राशि भेज दी है। अब प्राधिकरण से यह राशि मिल जाने के बाद नगर निगम के द्वारा इस सड़क का निर्माण करने की पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत निगम की ओर से टेंडर जारी कर ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस कार्य को करने में 1 साल का वक्त लगेगा। जैसे ही निर्माण एजेंसी का चयन होगा वैसे ही नगर निगम के द्वारा इस कार्य को करवाया जाएगा। इसके लिए निगम के द्वारा काम करने की इच्छुक एजेंसी से उनके प्रस्ताव 6 अप्रैल तक आमंत्रित किए गए हैं। उक्त प्रस्ताव आने के बाद कम से कम दर में इस काम को करने की इच्छुक एजेंसी को यह कार्य दिया जाएगा।

# अभ्यास मैचों में चला अभिषेक का बल्ला, शतक से चूके




**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद की तैयारियां जोरो-शोरों से चल रही है। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एसआरएच ने एक इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेला जिसमें दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने तबाही मचाते हुए 535 रन बोर्ड पर लगा दिए। कप्तान ईशान किशन ने इस दौरान दो बार बैटिंग की, वहीं अभिषेक शर्मा शतक से चूक गए। उन्होंने 42 गेंदों पर 94 रनों की धमाकेदार पारी खेली। टी20 वर्ल्ड कप में अभिषेक शर्मा की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई थी, हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में वह अच्छी लय में नजर आए थे। इनके अलावा अगर इस इंट्रा स्क्वॉड मैच में अगर किसी ने प्रभावित किया है तो वह हैं सलील अरोड़ा।

आईपीएल 2026 की नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने उनको 1.50 करोड़ रुपए खर्च कर अपने स्क्वॉड में शामिल किया था। सलील का प्रदर्शन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार रहा था और उन्होंने अपनी तूफानी बैटिंग की झलक एसआरएच के इंट्रा स्क्वॉड मैच के दौरान भी दिखाई। उन्होंने 5 गेंदों पर बैक टू बैक 5 छक्के जड़े। उन्होंने इस मैच में कुल 26 गेंदों पर 56 रनों की पारी खेली।

बात मैच की करें तो, एसआरएच ए ने पहले बैटिंग करते हुए 21 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 253 रन बनाए थे। अभिषेक शर्मा के अलावा हेनरिक क्लासेन ने 31 गेंदों पर 49 तो सलील अरोड़ा ने 16 गेंदों पर 47 रन बनाए। ईशान किशन ने पहली पारी में 15 गेंदों पर 18 रन बनाए थे।

एसआरएच बी के बल्लेबाजों ने भी खूब दम दिखाया। उन्होंने 20 ही ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 282 रन बोर्ड पर लगा दिए। ईशान किशन ने फिर से बैटिंग करते हुए 25 गेंदों पर ताबड़तोड़ 72 रन बनाए। सलील अरोड़ा यहां भी चमके और 26 गेंदों पर 56 रनों की पारी खेल डाली। हर्ष दुबे ने 14 गेंदों पर नाबाद 37 तो लियाम लिविंगस्टोन ने 21 गेंदों पर 34 रन बनाए।

बल्लेबाजों की इस तबाही के बीच सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज जयदेव उनादकट चमके, जिन्होंने 5 विकेट लिए। बता दें, इंट्रा स्क्वॉड मैच के दौरान कोई नियम नहीं होते। बल्लेबाज अपनी बैटिंग पर तो गेंदबाज अपनी बॉलिंग पर पूरा फोकस रखते हैं। इस दौरान कोई भी किसी टीम से भी खेल सकता है।

# खिताब का सिक्सर जरूर लगाएंगे, रोहित ने किया फैंस से वादा

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस एक बार फिर से इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल की पसंदीदा टीमों में से एक है। रोहित शर्मा की कप्तानी में पहली ही ये टीम पांच बार चैंपियन बन चुकी है, जबकि छठी ट्रॉफी की तलाश मैनेजमेंट को हार्दिक पांड्या से होगी, जो पिछले दो साल से टीम के कप्तान हैं। मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 की शुरुआत रविवार 29 मार्च से करने वाली है। इससे पहले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के फैंस से वादा किया है कि टीम छठी ट्रॉफी जीतने की पूरी कोशिश करेगी।



दरअसल, हर बार की तरह मुंबई इंडियंस ने इस बार भी एक टीम बोंडिंग प्रोग्राम रखा था, जिसे द एमआईएक्स नाम दिया था। इसमें सारे क्रिकेटर, कोच और मैनेजमेंट के लोग शामिल थे। फैंस को भी इस प्रोग्राम को देखने को मौका मिला, जहां मुंबई इंडियंस के क्रिकेटर्स ने खूब मस्ती की। इसी दौरान रोहित शर्मा ने कहा, हम निश्चित रूप से आप सभी के लिए ट्रॉफी नंबर 6 लाने की कोशिश करेंगे। मुंबई के जियो वर्ल्ड गार्डन में ये कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जिसमें फैंस को भी एंट्री मिली थी।

मुंबई इंडियंस के पास इस बार भी तगड़े खिलाड़ी हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह तो हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप जीते हैं। इनकी जिम्मेदारी होगी कि अब कप्तान हार्दिक पांड्या का साथ एमआई में दें और टीम को छठी बार आईपीएल की ट्रॉफी जिताएं, क्योंकि मुंबई ने काफी समय से ट्रॉफी नहीं जीती है। मुंबई पहले 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में ट्रॉफी जीत चुकी है। 6 साल का इंतजार इस टीम को खिताब जीते हो चुका है। मुंबई इंडियंस ने सभी ट्रॉफी रोहित शर्मा की कप्तानी में जीती थी। उनसे पहले और उनसे बाद में कोई भी इस टीम को चैंपियन नहीं बना सका है। इस साल भी कप्तानी हार्दिक पांड्या करने वाले हैं। वे कप्तान के तौर पर गुजरात टाइटन्स के साथ ट्रॉफी जीत चुके हैं।

# केकेआर को आईपीएल 2026 शुरू होने के पहले एक और झटका लगा, अब ये गेंदबाज हुआ बाहर

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 से पहले ऐसा लग रहा है कि कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केकेआर के ग्रह नक्षत्र खराब चल रहे हैं, क्योंकि एक और झटका इस टीम को टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक एक सप्ताह पहले लग गया है। एक और इंडियन पेसर टूर्नामेंट से बाहर हो गया है, जो कि आकाश दीप हैं। उनसे पहले हर्षित राणा भी आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका के पेसर मथीशा पथिराना भी अभी तक फिट नहीं है। उन्हें श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से टूर्नामेंट के लिए क्लियरेंस चाहिए। ऐसे में तेज गेंदबाजों के साथ केकेआर के लिए समस्या बनी हुई है।



आकाश दीप आईपीएल 2026 का हिस्सा नहीं होंगे। कोलकाता नाइट राइडर्स के एक टॉप अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि आकाश दीप इस सीजन नहीं खेलेंगे। केकेआर अधिकारी ने कहा, दुर्भाग्य से, वह आईपीएल से बाहर हो गए हैं, इस पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। बंगाल के 29 साल के पेसर को पिछले साल अबू धाबी में हुए मिनी-ऑक्शन में फ्रेंचाइजी ने उनके बेस प्राइस 1 करोड़ रुपये में खरीदा था। हर्षित राणा की अनुपस्थिति में वे इस टीम के मुख्य गेंदबाज होते।

आकाश दीप ने आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स कैंप में रिपोर्ट नहीं किया है, जो 18 मार्च से कोलकाता में चल रहा है। पता चला है कि वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। हालांकि, उनकी चोट की असल वजह अभी तक साफ नहीं है। माना जा रहा है कि सीओई मैनेजर्स से फ्रैंचाइजी के अधिकारियों ने खिलाड़ी को लेकर बातचीत की है।

# सीएसके की संजू को इतनी जल्दी कप्तानी नहीं सौंपना चाहिए

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने जब संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड कर जब अपनी टीम में शामिल किया था, तब से ही उन्हें सीएसके का कप्तान बनाने की बातें चल रही है। हालांकि फ्रेंचाइजी ने ऐसा नहीं किया और वह अपने नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के साथ बनी हुई है। गायकवाड़ ने 2024 में चेन्नई की कमान संभाली थी, मगर उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। गायकवाड़ ने अधिकतर समय कप्तानी धोनी की छाया में ही की है, ऐसे में अभी तक उन्हें अपनी कप्तानी की पूरी क्षमता दिखाने का मौका नहीं मिला है। अगर आगामी एक दो सीजन में गायकवाड़ और फेल होते हैं तो सीएसके संजू सैमसन के नाम पर विचार कर सकता है।

ऐसा ही कुछ पूर्व सीएसके प्लेयर रॉबिन उथप्पा का मानना है। रॉबिन का कहना है कि अगर सैमसन को अभी कप्तानी दे दी जाती है तो यह ऋतुराज गायकवाड़ के साथ नाइंसाफी होगी। रॉबिन उथप्पा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सीएसके को कप्तानी की जिम्मेदारी संजू सैमसन को सौंपनी चाहिए। आपको ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान के तौर पर जमने के लिए समय देना होगा। वह 2024 से टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लोग चाहे कुछ भी कहें, वह एमएस धोनी की परछाई से बाहर निकल रहे हैं। आप चाहते हैं कि वह पूरी तरह से बाहर निकलें और अपनी खुद की रोशनी में खड़े हों। आप देखना चाहते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, आप चाहते हैं कि जब एमएस न खेल रहे हों, तो वह टीम को लीड करें और बिना किसी दबाव के, अपनी काबिलियत पर खड़ा हो। आईपीएल 2026 शायद पीली जर्सी में उसका आखिरी साल होगा। मुझे लगता है कि इस साल वह एक मेंटर-कम-खिलाड़ी की भूमिका निभाएगा। मुझे लगता है कि वह ऐसा करेगा। तभी हम कप्तान के तौर पर ऋतुराज गायकवाड़ की असली क्षमता देख पाएंगे। उसे कुछ साल दें। अगर यह काम नहीं करता है, तो आपके पास टीम में कप्तानी की जिम्मेदारियां संभालने के लिए हमेशा संजू सैमसन मौजूद हैं।

# सही तकनीक के अभ्यास से चोटों से बचा जा सकता है

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व रैफरी सबिना यादव ने खिलाड़ियों को डोपिंग से दूर रहने की सख्त सलाह दी

**इंदौर।** नियमित वार्म-अप, सही तकनीक का अभ्यास, पर्याप्त विश्राम एवं संतुलित प्रशिक्षण से चोटों से काफी हद तक बचा जा सकता है। यह बात इंदौर में भारतीय भारोत्तोलन संघ की सह सचिव, उत्तर प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन की उपाध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय रैफरी एवं अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन संघ की इनोवेटिव कमेटी की पदेन सदस्य सबिना यादव ने श्रीराम स्पोर्ट्स ग्रुप द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं।



इस अवसर पर श्री राम स्पोर्ट्स ग्रुप द्वारा श्रीमती यादव, सुमित ढल एवं रूपाली ढल का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में एडिशनल डीसीपी गीता चौहान, दिनेश पालीवाल, विमल प्रजापत, धर्मेंद्र पालीवाल, नरेंद्र पाटीदार, जितेंद्र चौहान, संजीव राजदान , मीरा राजदान, रेखा अग्रवाल, राजेश्वर शर्मा एवं शुभम जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सबिना यादव ने खिलाड़ियों को खेलों में इंजरी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित वार्म-अप, सही तकनीक का अभ्यास, पर्याप्त विश्राम एवं संतुलित प्रशिक्षण से चोटों से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने पोषक आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संतुलित एवं पौष्टिक भोजन खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनके प्रदर्शन में भी सुधार होता है। इसके साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को डोपिंग से दूर रहने की सख्त सलाह दी और कहा कि डोपिंग पूर्णतः निषिद्ध है। यदि किसी को इसकी जानकारी हो तो उसे तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना चाहिए, जिससे खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

उन्होंने खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए सभी को इस दिशा में सकारात्मक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

श्रीराम जिम पर वेट लिफ्टिंग और पॉवरलिफ्टिंग दोनों के खिलाड़ियों को दी जाने वाली निशुल्क सुविधा की प्रशंसा इतने सारे संसाधनों के साथ दी जा रही है मानो छोटा पटियाला ही हो। श्री राम स्पोर्ट्स ग्रुप द्वाराअतिथि देवो भवो की परंपरा के निर्वहन करते हुवे जब उन्हें श्रीराम दरबार दिया तो उन्होंने कहा कि जिस संस्थान वह घर में श्रीराम दरबार लगा हो वहां कभी भी मनभेद नहीं हो सकते, परिस्थिति और मानव स्वभाव के अनुसार छोटे मोटे मतभेद हो चलते और ख़त्म होते रहते है,क्योंकि द्वापर युग में रघुवंश में जो एक दूसरे के प्रति त्याग और समर्पण की अतुलनीय भावना थीं उसी का अनुसरण हम लोगों के द्वारा किया जाना चाहिए ताकि भारत पुनः अपने गौरवशाली इतिहास की और अग्रसर होगा।









**मंत्री भी पहुंच गए थे घटनास्थल पर**

# बस के पहिए में फंसी बुलेट, युवक ने कूदकर बचाई जान

**सत्संगियों को भरकर जा रही थी कॉलेज की बस**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिम्बाइसिस विश्वविद्यालय की बस जो हमेशा छात्रों को कॉलेज लाती ले जाती है वह आज राधा स्वामी के सत्संगियों को लेकर सत्संग स्थल जा रही थी यह बस बड़ा गणपति से राजमोहल्ला चौराहा पर पहुंची तभी एक बुलेट ड्रायवर के विपरीत दिशा से आ रही थी ड्रायवर हमेशा अपनी साइड को ध्यान रखता है और इधर बुलेट सवार ने अपने वाहन को निकालने के लिए गलत दिशा पकड़ ली थी और ड्रायवर ने जब गंगवाल बस स्टैण्ड की ओर बढ़ना शुरू किया तभी चौराहा की रोटरी के यहां से बुलेट बस की चपेट में आई और थोड़ी सी आगे जाकर बुलेट चालक ने अपने को फंसा समझकर बुलेट से छलांग लगा दी और अपनी जान बचाई, बुलेट कुछ कदम बस के पहिये के साथ फंसी चली। इस बीच बुलेट रोड से फंसकर चली तो आवाज भी आई और बस में बैठे सत्संगी भी घबरा गए, बस जैसे ही रूकी लोगों का मजमा लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इसमें बस ड्रायवर की गलती नहीं थी। बुलेट विपरीत दिशा से आ रही थी इधर मंत्री का दर्जा प्राप्त राजमोहल्ला वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले प्रताप करोसिया भी घटना स्थल पर पहुंच गए थे और उन्होंने भी दोनों पक्षों को समझाइश दी, फिर भी बुलेट चालक बस को छत्रीपुरा थाना तक ले गए, जबकि बस में सत्संगी बैठे हुए थे, पुलिस ने पूरा माजरा समझा, ड्रायवर ने भी बताया कि बुलेट चालक विपरीत दिशा से आकर फंसा था, आखिरकार दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और उसके बाद सिम्बाइसिस कॉलेज की छात्रों को ले जाने वाली बस सत्संगियों को



लेकर राधा स्वामी डेरा खडंवा रोड रवाना हुई। इस पूरे घटनाक्रम में एक घंटा बस को राजमोहल्ला चौराहा के बाद छत्रीपुरा थाना में भी रूकना पड़ा। बुलेट पर नम्बर नहीं थे, जबकि बस क्रमांक एमपी-09 एयू 1925 था।

**ईद की खुशियां मातम में बदली**

# मामा-नानी के साथ जा रही 4 वर्षीय मासूम की सड़क हादसे में मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बंगाली चौराहा क्षेत्र में ईद के दिन एक हृदय विदारक हादसा सामने आया है। अपने मामा और नानी के साथ बाइक पर सवार होकर ईद मिलने जा रही 4 वर्षीय मासूम बच्ची एक अज्ञात वाहन की टक्कर का शिकार हो गई। हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके मामा और नानी घायल हो गए।

मृतका इकरा पिता इरफान (4) निवासी माणिकबाग कल अपने मामा सुफियान और अपनी नानी के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर रिश्तेदारों के घर ईद मिलने जा रही थी। जैसे ही उनकी बाइक बंगाली चौराहा के समीप पहुँची, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर जा गिरे।हादसे में मासूम इकरा को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं बाइक चला रहे सुफियान और पीछे बैठी नानी को भी काफी चोटें आई हैं। राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची।फिलहाल पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया है।

# बेटे ने फोन लगाया तो पुलिस ने दी पिता की मौत की खबर

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है। विदिशा से अपने बेटे से मिलने इंदौर आ रहे एक बुजुर्ग पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। विडंबना देखिए कि बेटा उन्हें बस स्टैंड लेने पहुँचने ही वाला था, लेकिन जब उसने पिता का लोकेशन जानने के लिए फोन लगाया, तो दूसरी तरफ से पुलिस ने उनकी मौत की खबर दी। मृतक की पहचान पप्पू पिता आशाराम (55) निवासी विदिशा के रूप में हुई है।वह खेती-किसानी करते थे। वे पिछले कुछ दिनों से अपने गाँव फसल कटवाने गए हुए थे। काम निपटाकर वे कल अपने बेटे से मिलने इंदौर आ रहे थे, जो यहाँ सिलिकॉन सिटी में रहता है। पिता और बेटे के बीच फोन पर बात भी हुई थी कि वे बस से इंदौर पहुँच रहे हैं और बेटा उन्हें बस स्टैंड लेने आएगा।बताया जा रहा है कि पप्पू अपनी मंजिल से पहले ही लसुड़िया इलाके में बस से उतर गए थे। इसी दौरान पैदल चलते वक्त किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने उनका मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया था।जब काफी देर तक पिता का पता नहीं चला, तो बेटे ने मोबाइल पर कॉल किया। बेटे को लगा कि पिता बस स्टैंड पहुँच गए होंगे, लेकिन फोन लसुड़िया पुलिस ने रिसीव किया। जैसे ही पुलिस ने पिता की दुर्घटना में मौत की जानकारी दी, बेटे के पैरों तले जमीन खिसक गई।

# दो युवकों ने दी जान, एक जहरीली गोली खाकर घर पहुंचा तो दूसरे ने खाया जहर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर के बाणगंगा और आजाद नगर थाना क्षेत्रों में खुदकुशी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहले मामले में एक 19 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीली गोली का सेवन कर लिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं दूसरे मामले में एक साल से बेरोजगार चल रहे एक पूर्व सुरक्षाकर्मी ने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के कुशवाह नगर में रहने वाले पीयूष पिता दरबार (19) ने अज्ञात कारणों से जहरीली गोली खा ली। पीयूष जब बाहर से घर पहुंचा, तो उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। घबराए परिजनों ने जब उससे पूछा तो उसने किसी तरह से गोली खाने की जानकारी दी। परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पीयूष ने यह कदम क्यों उठाया, इसका पता अभी नहीं चल सका है। वहीं, दूसरी घटना आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी इलाके की है। यहां रहने वाले राकेश पिता लक्ष्मण (27) ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। परिजनों से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार,राकेश पहले सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था, लेकिन पिछले करीब एक साल से वह बेरोजगार था। वह नशे का आदी था अक्सर नींद की गोली भी लेता था।दोनों ही मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



# करण औजला के आयोजन में पहुंचे बजरंगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के संयोजक लक्की रघुवंशी ने बताया कि उन्हें सूचना मिल रही थी कि करण औजाला के बायपास स्थित आयोजन में शराब का आयोजन भी किया जा सकता है। इसी कारण टीम वहां बजरंग दल और कार्यकर्ता पहुंच गए थे और समय पर कार्यक्रम बंद करने की चेतावनी भी दी गई थी। बजरंग दल के विरोध के बाद समय पर कार्यक्रम बंद हुआ। रघुवंशी का कहना है कि शराबखोरी को लेकर बजरंग दल समय-समय पर विरोध करता है।

# पीछा कर घर में घुसा मनचला, युवती के साथ गालीगलौज कर की मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में एक युवती ने क्षेत्र के ही एक युवक के खिलाफ पीछा करने, घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना अन्नपूर्णा क्षेत्र की है। 25 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ईशान पिता उमेश चौहान निवासी गोपुर चौराहा पिछले कुछ समय से उसे परेशान कर रहा था। घटना दिनांक को आरोपी ने बुरी नीयत से पीड़िता का रास्ता रोका और उसका पीछा करते हुए उसके घर तक पहुँच गया।पीड़िता का आरोप है कि ईशान न केवल उसके घर तक आया, बल्कि जबरन भीतर घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब युवती ने इसका विरोध किया और शोर मचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। आरोपी का दुस्साहस इतना बढ़ गया कि जाते-जाते उसने युवती को सरेराह धमकी दी कि अगर पुलिस के पास गई या किसी को बताया, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।अन्नपूर्णा पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ईशान चौहान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।